# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 25 मई 2025
संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-12 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 260 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ खून के बढ़े यूरिक एसिड को किचन की ये चीजे करेगी काबू

सलमान खान की ये नई फिल्म डिब्बा बंद,साजिद नाडियाडवाला की 'किक 2' भी हाशिये पर ◀◀ 6


### गिरिडीह-धनबाद मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

# दो वाहन चालकों समेत 12 मवेशियों की मौत



**संवाददाता**

**गिरिडीह:** जिले में रविवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां एक पशु लदे ट्रक और सीमेंट से भरे ट्रक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना ताराटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग के मोहलीडीह नदी के पास की है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं ट्रक में लदे कई मवेशियों की भी जान चली गई। खबर लिखे जानें तक लगभग एक दर्जन पशुओं की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य जख्मी हैं। जख्मी पशुओं को बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की टीम स्पॉट पर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

घटना के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे बाद में पुलिस द्वारा नियंत्रित किया गया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार ओवरस्पीड और घने कोहरे की वजह से दृश्यता कम होने को कारण माना जा रहा है। पुलिस ने दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया है और मृत चालकों की शिनाख्त कर उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।



## जिला बल के जवान का शव मिला, फैली सनसनी

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस कॉलोनी के पुरानी भवन में जिला बल के जवान सुरजीत यादव का शव मिलते ही सनसनी फैल गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह अचानक पुलिस कॉलोनी के कुछ जवान को सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस कॉलोनी के पुराने भवन में एक जिला बल के जवान के दाहिने हाथ में गोली लगने के निशान के साथ शव है । घटना की सूचना प्राप्त होने उपरांत एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी सर्किल इंस्पेक्टर राजमहल एसडीपीओ शाहित वरीय पुलिस पदाधिकारी घटना की जांच में जुट गए। हालांकि पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल में भेजा गया। हत्या है या आत्महत्या अनुसंधान के बाद पता चल सकेगा। मामले में पुलिस कई बिंदुओं पर आगे की जांच की प्रक्रिया जारी है।

### एनडीए की बैठक

## सशस्त्र बलों और पीएम मोदी की प्रशंसा में प्रस्ताव पारित जातिगत जनगणना के फैसले को भी सराहा गया




**संवाददाता**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में अहम प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जातिगत जनगणना पर चर्चा हुई। इस दौरान अगली जनगणना में जाति गणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की गई।

सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसमें पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि उन्होंने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन करने वाली भाजपा ने कहा कि बैठक में जाति गणना, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न एनडीए राज्य सरकारों की ओर से अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित रहा। कई मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों की प्रमुख योजनाओं पर प्रस्तुतियां दीं। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।




## ताजमहल को आरडीएक्स विस्फोट से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर


**नई दिल्ली:** विश्व प्रसिद्ध ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया। केरल से आए एक ईमेल ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया। यह धमकी भरा मेल शनिवार दोपहर 12:30 बजे पर्यटन विभाग दिल्ली पुलिस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था जिसमें दोपहर 3:30 बजे ताजमहल में आरडीएक्स विस्फोट की बात कही गई थी।

तीन घंटे तक चला सघन तलाशी अभियान, कुछ नहीं मिला: मेल मिलते ही सीआईएसएफ, ताज सुरक्षा पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड और पुरातत्व विभाग की टीमों ने तत्काल ताजमहल परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। ताज के मुख्य गुंबद, मस्जिद परिसर, चमेली फर्श, बाग, गलियारों और यलो जोन तक के हर कोने की बारीकी से जांच की गई। खास बात यह रही कि तलाशी के दौरान किसी भी पर्यटक को रोका नहीं गया और न ही उन्हें डराया गया ताकि अफरा-तफरी का माहौल न बने। यह सर्च ऑपरेशन तीन घंटे तक चला लेकिन इस दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### यूएन में पानी के लिए पाकिस्तान ने की फरियाद

## भारत ने बताया- सिंधु जल समझौता क्यों किया सस्पेंड?

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कूटनीतिक कदम उठाया। भारत सरकार ने सिंधु जल समझौता को आंशिक रूप से सस्पेंड कर दिया है। इसका असर पाकिस्तान पर सीधे दिख रहा है, जहां पानी की भारी किल्लत शुरू हो गई है। जल संकट से जूझता पाकिस्तान अब संयुक्त राष्ट्र की चौखट पर पहुंच गया है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में यह मुद्दा उठाया और भारत पर आरोप लगाया कि वह जल संधि के



नियमों का उल्लंघन कर रहा है। मगर भारत ने इस मुद्दे पर एकदम साफ और सटीक जवाब दिया।

**भारत ने यूएन में क्या कहा?** : संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी। हरीश ने पाकिस्तान की शिकायतों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आईडब्ल्यूटी की मूल भावना का बार-बार तिरस्कार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोई देश आतंकवाद को प्रायोजित करता है और उसी देश से बार-बार हमलों की साजिशें रची जाती हैं, तो ऐसे में कोई भी समझौता टिक नहीं सकता। पी। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तीन युद्ध लड़े और हजारों आतंकी हमलों को अंजाम दिया। इससे आम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और जीवन पर सीधा खतरा बना हुआ है। इसलिए भारत ने यह फैसला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता रहेगा, तब तक सिंधु जल समझौता स्थगित रहेगा।

पाकिस्तान की स्थिति गंभीर: भारत द्वारा पानी की आपूर्ति रोके जाने के बाद पाकिस्तान के पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में जल संकट गहराने लगा है। खेती, बिजली उत्पादन और पीने के पानी की सप्लाई पर इसका सीधा असर पड़ा है।

## चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को




**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने गुजरात की दो और केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक-एक विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 19 जून को कराने की रविवार को घोषणा की। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार गुजरात विधानसभा की कादी (अनुसूचित जाति) और विसावदार, केरल की निलम्बूर, पंजाब की लुधियाना (पश्चिम) और पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना सोमवार 26 मई को जारी की जाएगी।

इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी। उपचुनाव की घोषणा के साथ वहां आदर्श चुनाव संहिता लागू कर दी गयी है। ये सीटें निर्वाचित प्रतिनिधियों के निधन या इस्तीफे के कारण रिक्त है।

> **इन उपचुनावों के लिए नामांकन दो जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच तीन जून को की जाएगी और नामांकन पांच जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर मतदान 19 जून को कराया जाएगा और मतगणना 23 जून को कराई जाएगी। आयोग ने कहा है कि इन रिक्त पड़ी सीटों के उपचुनाव की पूरी प्रक्रिया 25 जून तक सम्पन्न हो जाएगी।**

## जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत, जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर पार पहुंचा

**नई दिल्ली:** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर जापान को पीछे छोड़ दिया है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है, जो इसे आकार में केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे रखती है। यह उपलब्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**नीति आयोग के सीईओ का बयान:** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत ने घरेलू सुधारों और वैश्विक माहौल के कारण वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे यह अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत अपनी वर्तमान गति को बनाए रखता है, तो वह जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिसमें केवल अमेरिका और चीन ही आगे होंगे। यह प्रगति एक उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच आ रही है, जहां भारत खुद को एक प्रमुख वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।

सुब्रह्मण्यम ने डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी: नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत लागत-प्रतिस्पर्धी विनिर्माण आधार प्रदान करना जारी रखेगा, भले ही भविष्य के अमेरिकी टैरिफ की बारीकियां अभी भी अस्पष्ट हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार अपने परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम के दूसरे दौर की तैयारी कर रही है, जिसे अगस्त में शुरू किए जाने की उम्मीद है। यह आर्थिक मील का पत्थर ऐसे समय पर आया है जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी भूमिका को गहरा करने और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत नए निवेश आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है।

## यूपीएससी पीटी की परीक्षा आज राजधानी में बनाए गए 48 सेंटर

**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची में आज संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) कड़ी निगरानी और सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में की गई व्यापक तैयारी के तहत यह परीक्षा शहर के 48 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो रही है। दो पालियों में हो रही परीक्षा में कुल 21,800 अभ्यर्थी शामिल हुए हैं।

दो पालियों में होगी परीक्षा: पहली पाली सुबह 9:30 से 11:30 तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पूर्व केंद्रों पर पहुंचने की हिदायत दी गई थी, जिसका व्यापक अनुपालन देखने को मिला।

आयुक्त कार्यालय में बनाए गए हैं कंट्रोल रूम: सभी अभ्यर्थियों की एडमिट कार्ड और पहचान पत्र की सघन जांच की गई। साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर सख्त तलाशी के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में एक कंट्रोल रूम सुबह सात बजे से सक्रिय है, जो सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है।

परीक्षा की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है। ग्रामीण विकास सचिव के। श्रीनिवासन, पर्यटन एवं कला संस्कृति सचिव मनोज कुमार और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह को ऑब्जर्वर बनाया गया है। बीएनएसएस की धारा 163 लागू: सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी गई है, जिससे अनधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही रोकी जा सके और परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे।

### मन की बात में बोले पीएम मोदी

## 'ऑपरेशन सिंदूर' बदलते भारत की तस्वीर, आतंकवाद को खत्म करना हमारा संकल्प

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के जरिए लोगों से बात की। कार्यक्रम का आज 122वां एपिसोड प्रसारित हुआ। पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के पराक्रम पर बात की। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना ही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं है, यह बदलते भारत की तस्वीर है।

'सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया': प्रधानमंत्री ने कहा, ' मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। आक्रोश से भरा हुआ है। संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस स्पष्टता के साथ, जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। 'ऑपरेशन



सिंदूर' ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

'हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल': पीएम मोदी ने कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया, यह उनका अदम्य साहस था और उसमें शामिल थी, भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीक की ताकत। उसमें 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प भी था। हमारे इंजीनियर, हमारे टेक्नीशियन हर किसी का पसीना इस विजय में शामिल है।

'ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर': उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। आपने देखा होगा, देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए और हमने देखा कि चंडीगढ़ के वीडियो तो काफी वायरल हुए थे।

**'ऑपरेशन सिंदूर को कई परिवारों ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया'**: पीएम मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाए जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे, जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। मैं अभी तीन दिन पहले बीकानेर गया था। वहां बच्चों ने मुझे ऐसी ही एक पेंटिंग भेंट की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।

न्यूज ब्रीफ



## जंगली हाथियों ने गांव में मचायी तबाही, लाखों का नुकसान

**खूंटी:** जंगली हाथियों का आतंक एक बार फिर सामने आया है। दो जंगली हाथी अपने झुंड से बिछड़कर खूंटी जिले के बेलाहाथी गांव पहुंच गया। जहां पूरा दिन जंगल में भटकने के बाद शाम 4 बजे गांव में प्रवेश कर दोनों हाथियों ने तबाही मचा दी।

हाथियों ने सबसे पहले गांव में पहुंच कर गांव के निवासी राम चंद्र महतो के घर की बाउंड्री व दीवार तोड़ दी और खिड़कियों-दरवाजों को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने घर के बगीचे में लगी सब्जियों और पौधों को रौंद डाला तथा अनाज व सब्जियां भी खा लीं। महतो के अनुसार, इस हमले में उन्हें लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों और वन विभाग ने मिलकर हाथियों को भगाया: हाथियों के गांव में घुसने की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम और 200 से अधिक ग्रामीणों ने मिलकर रात भर हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया। आखिरकार, आधी रात तक हाथियों को खेतों की ओर भगा दिया गया।

इधर हाथी आने के इस घटना के बाद गांव में डर का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण हाथियों के दोबारा हमले के डर से घरों के आसपास आग जलाकर बैठे हैं, क्योंकि आग की रोशनी और धुआं हाथियों को दूर रखने में मददगार होता है।

प्रशासन और वन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों के बार-बार आने से उनकी फसलें और घर प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों को जंगल की ओर मोड़ने के लिए स्थायी समाधान किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

इस घटना ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर समस्या को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने सरकार से मुआवजे और सुरक्षा उपायों की मांग की है।

## इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**चतरा:** इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन किया गया। यह आयोजन पुण्यश्लोका राजमाता अहिल्या बाई होल्कर के 300 वीं जन्मशताब्दी व रक्तविर मृत्युंजय सिंह के 50 वें रक्तदान के उपलक्ष्य पर आयोजित था। शिविर का उदघाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय,कोषाध्यक्ष मुकेश साह और विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। क्योंकि अगर हमारे और आपके दिए गए रक्त से किसी की जान बच सकती है तो यह पुण्य का काम हमें जरूर करना चाहिए। उदघाटन के पश्चात रक्तविर मृत्युंजय सिंह ने अपना 50 वा रक्तदान किया। इसके विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ एक के बाद एक विद्यालय के आचार्य आचार्या व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ समाजसेवियों ने 50 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक,कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, निर्भय कुमार, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, एएनएम जयंती भेलेन तिर्की, लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार ,सहायक तापेश्वर सोनी के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

## जेएसएलपीएस के बीपीएम ने महिला कैडर के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश



**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस के तहत संचालित बीएमएमयू ऑफिस में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने महिला कैडर के साथ शनिवार को बैठक किया।जहां उपस्थित महिलाओं को कई निर्देश दिए।बैठक में लाखपति किसान का ऑनलाइन एंट्री करना,पिजी समूह में बिजनेस प्लान करना,एफपीओ में सदस्यों को जोड़ना एवं संख्या बढ़ाना, जिला में आरईसेटी में ट्रेनिंग के लिए टारगेट के अनुसार महिलाओं को भेजना,पशु सखी के द्वारा पिपीआर का वैक्सीन अधिक से अधिक जानवरों में वैक्सीन करवाना, खरीफ फसल में लगने वाला बीज का अधिक से अधिक डिमांड समूह के महिलाओं से लेना एवं समूह से जुड़े महिलाओं को बिजनेस प्लान करके आर्थिक रूप से सशक्त करना। हड़िया मड़िया बनाने वाले गरीब महिलाओं को फूलों झानों योजना के तहत व्यवसाय के लिए प्रेरित करना जैसे कई निर्देश बीपीएम ने कैडर को दिया है। बैठक में एलएच, सीसी एवं दर्जनों क्षेत्र के कैडर महिला उपस्थित थी।

## अनियंत्रित कोल वाहन पलटा, चालक सुरक्षित

**गिद्धौर(चतरा):** कुलु मोड़ कटकमसांडी मुख्य पथ पर बड़की नदी के समीप एक अनियंत्रित कोलवाहन बीच सड़क पर पलट गया। जिससे कोलवाहन हाइवा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि शनिवार की अहले सुबह लगभग 4:00 बजे कोलवाहन टंडवा से कटकमसांडी कोयला खाली करने जा रहा था इसी क्रम में थाना क्षेत्र के बड़की नदी के समीप चालक की आँख लग गई और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

# झारखंड की विशिष्ट जरूरतों को रखा केंद्र के समक्ष

संवाददाता



**रांची/नई दिल्ली:** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हिस्सा लिया और राज्य की जरूरतों और विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाया। बैठक में देश के अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना विकसित राज्यों और गांवों से होती है। गरीबी हटाना, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को हुनर देना, किसानों की तरक्की, शिक्षा, आधारभूत ढांचा और तकनीकी विकास पर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड सरकार लगभग 50 लाख महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता दे रही है, जिससे उनका सशक्तिकरण हो रहा है।

खनन कंपनियों पर 1.40 लाख करोड़ रुपये बकाया: मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले की भरमार है, लेकिन खनन से प्रदूषण और विस्थापन जैसी समस्याएं भी हैं। खनन कंपनियों पर एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपये का बकाया है, जो जल्द से जल्द मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खनन के बाद कंपनियों को जमीन राज्य सरकार को वापस करनी चाहिए और अवैध खनन के लिए उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल-बेस्ड मीथेन गैस का इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन किया जा सकता है और कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाना जरूरी किया जाना चाहिए। इसके अलावा, उत्पादन का 30% राज्य में उपयोग होने से रोजगार बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों जैसा है, इसलिए यहां आधारभूत ढांचे के लिए मंजूरी मिलने में देरी होती है। झारखंड को भी पूर्वोत्तर राज्यों की तरह विशेष सहायता मिलनी चाहिए।

रेल और परिवहन व्यवस्था मजबूत करने की मांग: मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में रेल सेवाओं का विस्तार जरूरी है। कंपनियों के उरफऔर डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के मुताबिक खर्च किया जाना चाहिए।

साहेबगंज को कार्गो हब के रूप में विकसित करने और गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल या बांध बनाने की मांग की। साथ ही डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने पर भी जोर दिया।

केंद्र की योजनाओं के मानदंड में बदलाव की जरूरत: मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चला रही है जैसे पेंशन योजना, मइयां सम्मान योजना और अबुआ स्वास्थ्य योजना। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि की राशि बढ़ाई जानी चाहिए और इन्हें राज्यों की जरूरतों के अनुसार लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देने का काम शुरू किया है और जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है, जिसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। सीएनटी और एसपीटी एक्ट की वजह से निवेश में आ रही बाधा को दूर करने के लिए वित्त मंत्रालय से समन्वय जरूरी है।

विशेष केंद्रीय सहायता जारी रखने की मांग: मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के 16 जिले पहले नक्सल प्रभावित थे, जो अब सिर्फ दो जिलों तक सीमित हैं। इसके बावजूद, सभी 16 जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता जारी रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उअढक्रकी प्रतिनियुक्ति से जुड़े खर्च राज्य सरकार उठा रही है, जिसे पूरी तरह खत्म किया जाना चाहिए।

**प्रवासी मजदूरों के लिए केंद्र सरकार की भागीदारी जरूरी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड काल में राज्य के बाहर काम करने वाले मजदूरों को सरकार ने सहायता दी। हाल ही में कैमरून में फंसे मजदूरों को भी सरकार ने वापस बुलाया। उन्होंने कहा कि जो मजदूर विदेशों में काम करना चाहते हैं, उनके वीजा, सुरक्षा और खर्च में केंद्र सरकार की भागीदारी जरूरी है।

इस बैठक में झारखंड की ओर से मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल और योजना सचिव मुकेश कुमार भी शामिल हुए।

# सिमरिया प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की बैठक सम्पन्न

### हिंदुत्व व संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



संवाददाता

**चतरा:** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी की सिमरिया प्रखंड स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक का आयोजन हिन्दू जनजागरण, संगठन सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विमर्श हेतु किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुदेव कुमार ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी जिला मंत्री सुधीर कुमार ने निभाई।बैठक में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के चतरा जिला पालक सह प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह एवं विभाग मंत्री अनूप यादव उपस्थित थे।अपने संबोधन में विभाग मंत्री अनूप यादव ने संगठन के आगामी कार्यक्रम तथा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं दुगार्वाहिनी, मातृशक्ति के होने वाले प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए संगठन की मजबूती प्रदान करने के बारे मे जानकारी दी।प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह ने अपने विस्तृत वक्तव्य में विश्व हिंदू परिषद के ऐतिहासिक गठन से लेकर अब तक की संगठनात्मक यात्रा का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विहिप के विभिन्न अंगों बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति आदि की कार्यपद्धति, उद्देश्य एवं सामाजिक भूमिका की गहन जानकारी दी। श्री सिंह ने विशेष रूप से सत्संग एवं जनसंपर्क के माध्यम से गांव, प्रखंड एवं जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि प्रत्येक कार्यकर्ता हिंदुत्व और हिंदू राष्ट्र की भावना को अपने अंतःकरण में धारण करते हुए सक्रिय कार्यशीलता दिखाए। समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन से जोड़ने हेतु सकारात्मक संवाद एवं आत्मिक जुड़ाव का वातावरण निर्मित करना होगा। बैठक में जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला समरसता प्रमुख गुरुदेव कुमार, प्रखंड सह-संयोजक विशाल हिंदू, दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहनें सहित बड़ी संख्या में प्रखंड के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में हिंदू समाज के जागरण, एकता और संगठन की शक्ति को और मजबूत करने का संकल्प लिया।बैठक उत्साह, ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण रही। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष के साथ हुआ।

## पीएम पोषण व समग्र शिक्षा अभियान के सामाजिक अंकेक्षण के तहत, जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा:** विकास भवन स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा अभियान एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का वित्तीय वर्ष 2024- 25 हेतु सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाजिक अंकेक्षण किए गए विद्यालयों के उद्देश्यों एवं सामाजिक अंकेक्षण में उभरे मुद्दों के ऊपर त्वरित निष्पादन हेतु दिशानिर्देश दिए जिसमें मुख्य मुद्दे विद्यालयों में आधारभूत संरचना जैसे शौचालय,पानी, बिजली, तड़ीत चालक,किचन शेड निर्माण/मरम्मती,शिक्षक की कमी, कैश बुक पंजी का अद्यतन, प्रबंधन समिति की बैठक, मध्यान्ह भोजन से सम्बन्धित मुद्दों का निष्पादन हेतु निर्देश दिए गए। यथा समग्र शिक्षा अभियान के 43 एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के कुल 22 मामलों पर सुनवाई की गई। ज्यूरी सदस्य के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, एडीपीओ मोनी दीपा बनर्जी, सीएसओ से कामेश्वर गंझु, सोशल ऑडिट टीम से जिले के डीआरपी नवीन कुमार गौतम, एफसी गणेश यादव, अजीत प्रजाति, संबंधित अधिकारियों के साथ संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सामिल थे।

## जल्द शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई तो होगा आंदोलन : सोनू पांडेय

### चूरी मानकी आवासीय कॉलोनी में मटमैले पानी की सप्लाई

**खलारी:** एनके एरिया के चूरी मानकी स्थित आवासीय कॉलोनियों में इन दिनों लोगों को गंदा, मटमैला और प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिससे स्थानीय निवासियों में काफी नाराजगी है। पिछले चार दिनों से लगातार गंदा पानी मिलने के कारण नहाना, कपड़े धोना और पीने जैसे बुनियादी कार्य दुष्कर हो गये हैं। लोगों ने बताया कि पानी इतना गंदा है कि फिटकरी डालने के बावजूद वह साफ नहीं हो रहा. जानकारी के अनुसार पानी की आपूर्ति सपही नदी से होती है, लेकिन उसे बिना फिल्ट्रेशन या शुद्धिकरण के सीधे कॉलोनियों तक पहुंचाया जा रहा है। बर्तनों में पानी डालते ही गंदगी जमा हो रही है, जिससे कॉलोनीवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

### गिद्धौर के नए थाना प्रभारी के रूप में कुमार गौतम ने दिया योगदान,कहा-

## नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता



**चतरा:** गिद्धौर थाना के 15वें थाना प्रभारी के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक कुमार गौतम ने शनिवार को योगदान दे दिया। इसके पूर्व वे टंडवा थाना में पदस्थापित थे। नवपदस्थापित थाना प्रभारी ने कहा कि नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी। किसी भी हाल में तस्करों को बक्शा नहीं जायेगा।उन्होंने आम लोगों से क्षेत्र में विधि व्यवस्था व शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील किया। आपको बताते चलें कि एसपी विकास कुमार पांडेय ने कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में बीते 18 मई को गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया था। इसके बाद से थाना प्रभार में चल रहा था।

### खूंटी पुलिस की बड़ी सफलता

# मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

संवाददाता



**खूंटी:** जिला पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक संगठित गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मोबाइल चोरों, उनके लॉक तोड़ने वाले साथियों और चोरी के मोबाइल खरीदने वाले डीलरों समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से पांच खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के जन्नत नगर के रहने वाले हैं, जबकि एक आरोपी बिहार के गया जिले का निवासी है।

पुलिस ने नाहिद अंसारी और हरण अंसारी नामक दो मोबाइल चोरों को पकड़ा था, बता दे कि अभी दो दिन पहले ही नाहिद अंसारी एक बच्ची का फोन लुट कर बाइक से भाग रहा था जिसे लोगो के द्वारा पकड़ कर पुलिस के शॉप दिया गया था, जिसने पुलिस पूछ ताछ में बंकी साथियों का नाम बताया था। जिनकी मुखबिरी पर मफूज आलम और सिल्लू उर्फ नाजिर जावेद को भी गिरफ्तार किया गया। ये दोनों आरोपी चोरी किए गए मोबाइल फोन के लॉक तोड़ने का काम करते थे। इसके अलावा, आयन अंसारी और बिंदेश्वर पासवान को भी पकड़ा गया, जो चोरी के मोबाइल फोन खरीदकर बेचते थे। चोरी के सामान और उपकरण बरामद: पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए मोबाइल फोन और लॉक तोड़ने वाले कंप्यूटर का सीपीयू जब्त किए हैं। यह गिरोह लंबे समय से खूंटी और आसपास के इलाकों में मोबाइल चोरी करके उन्हें हैक करके बेचने का काम कर रहा था। इस गिरफ्तारी के बाद खूंटी के नागरिकों में राहत है, क्योंकि पिछले कुछ समय से मोबाइल चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई थीं। पुलिस ने कहा कि वह मोबाइल चोरी रोकने के लिए और भी सख्त कार्रवाई करेगी।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जेल भेज दिया है। इस मामले की और गहराई से जांच चल रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पकड़ा जा सके। पूरे मामले की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने प्रेस वार्ता कर दी।

# 'झारखंड में हुए शराब घोटाले की हो सीबीआई जांच ' : रघुवर दास

संवाददाता

**रांचीः** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शनिवार को झारखंड में हुए शराब घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि यह घोटाला छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले से जुड़ा हुआ है और इसकी जांच सीबीआई को सौंपनी चाहिए। दास ने कहा कि झारखंड में हुआ घोटाला मीडिया में सामने आई 100 करोड़ की राशि से कहीं अधिक 600- 700 करोड़ रुपये का हो सकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वहां के शराब घोटाले की उइक जांच की सिफारिश का हवाला देते हुए झारखंड में भी इसी तरह की जांच की मांग की।



32 विधायकों की फंडिंग पर उठाए सवालः रघुवर दास ने अगस्त 2022 में छत्तीसगढ़ भेजे गए 32 विधायकों की यात्रा और उनके होटल प्रवास की फंडिंग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि इन विधायकों के खर्च की भरपाई छत्तीसगढ़ सरकार ने की या शराब माफिया ने? उन्होंने कहा कि यह मामला भी जांच का विषय है और इससे जुड़ी सच्चाई सामने आनी चाहिए। दास ने 2018 में अपनी सरकार द्वारा लागू की गई आबकारी नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में स्वीकार किया कि वह नीति राज्यहित में थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सोरेन सरकार ने 'आबकारी नियमावली 2025' को मंजूरी देते हुए माना है कि हमारी 2018 की नीति सबसे बेहतर थी और उसी के आधार पर नई नीति तैयार की गई है। उन्होंने दावा किया कि 2018- 19 में उनकी सरकार की शराब नीति से राज्य को 1,082 करोड़ का राजस्व मिला था, जो 2019- 20 में बढ़कर 2,009 करोड़ हो गया।

अनुसूचित क्षेत्रों में शराब दुकानों को लेकर जताई नाराजगीः रघुवर दास ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार ने जहां अनुसूचित क्षेत्रों में शराब दुकानों को सीमित किया था, वहीं नई आबकारी नीति 2025 में इन क्षेत्रों में और अधिक शराब दुकानें खोलने का प्रावधान है। उन्होंने इसे युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाला कदम बताया। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन शराब के खिलाफ आंदोलन करते थे, लेकिन आज उनके बेटे हेमंत सोरेन शराब को बढ़ावा दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## 'सरना धर्म को पहचान दो' कांग्रेस का राजभवन घेराव कल



संवाददाता

**रांचीः** कांग्रेस पार्टी सोमवार (26 मई) को राजभवन के बाहर प्रदर्शन करेगी। यह प्रदर्शन सरना धर्म को मान्यता दिलाने की मांग को लेकर किया जाएगा। इसकी जानकारी कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने दी। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि सरना धर्म को देश की अगली जनगणना में जगह मिलनी चाहिए, क्योंकि यह धर्म आदिवासियों की आस्था, परंपरा और पहचान से जुड़ा है। उन्होंने कहा, यह आदिवासियों की बहुत पुरानी मांग है, लेकिन भाजपा सरकार इस पर कुछ नहीं बोल रही है।

भगत ने बताया कि देश में लगभग 15 करोड़ आदिवासी रहते हैं, जो प्रकृति की पूजा करते हैं, लेकिन जनगणना में उनके धर्म के लिए अलग कॉलम नहीं होता। जनगणना में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, जैन और बौद्ध धर्म के लिए कॉलम बने होते हैं, लेकिन आदिवासी धर्म को अब तक अलग पहचान नहीं दी गई है।

## समाजसेविका सावित्री देवी के निधन पर शोक सभा



**रांचीः** विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़ी समाजसेविका सावित्री देवी का निधन 18 मई को हो गया।

न्यू मधुकम,गोपाल मंदिर रोड निवासी( 71 वर्षीय) स्व ।सावित्री देवी मुनिलाल मिस्त्री की धर्मपत्नी थीं जो अपने पीछे दो पुत्र बलराम शर्मा, रवि राणा एवं तीन पुत्री सुनैना देवी, गायत्री शर्मा, खुशबू शर्मा सहित भरा पूरा छोड़ गई। समाजसेविका सावित्री देवी के निधन पर विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच काफी दुखी है। आज दो मिनट मौन धारणकर उन्हें याद कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश ने कहा वे समाज के हर सुख- दुख में साथ रहती थी,उनका अधिकांश समय भजन कीर्तन,पूजा पाठ एवं धार्मिक आयोजन में व्यतीत होता था।आज उनकी कमी हम सभी लोगों को महसूस हो रही है।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि फ्री मेडिकल कॉलेज,पौधारोपण, जरूरतमंदों के बीच पौष्टिक भोजन,भजन कीर्तन आदि सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजन कर स्व ।सावित्री देवी को हमेशा याद किया जाएगा।

आज शोक सभा में मुख्य रूप से सरयू शर्मा, राहुल चौधरी, दीपक बर्मन, डॉक्टर दुर्गा लाल शर्मा, डॉक्टर एल।के।शर्मा, अजय शर्मा, रामलखन साहू, कृष्णा शर्मा, सुदर्शन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, सुभाष कुमार, बजरंज शर्मा, प्रिंस राज, रुद्र प्रताप, दिव्यांशु कुमार, वीर प्रताप, यश राज, प्रियांशु कुमार मौजूद थे। उक्त जानकारी क्लब के पी। आरओ।सुभाष कुमार ने दी है।

## 31 दिवसीय फॉस्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण समाप्त



संवाददाता

**मुरी :** केनरा बैंक एवं श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवं 12 दिवसीय लघु उद्यमी फॉस्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निधि कान्त नीरज ,डीपी एम, जेएसएलपीएस रांची, शिव कुमार रमन ,दीपक कुमार, प्रमोद कुमार,सचिन कुमार, डीएम,रांची उपस्थित हुए तथा नौ ब्लॉक के सभी बीपीएम, बिपिवो,एफटीसी,सीसी और जीआरपी भी उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड सोनाहतु, राहे, नामकुम, लापुंग ओरमांझी, से आए 70 प्रशिक्षणाथीर्यों ने सफलता पूर्वक प्रक्षिशण प्राप्त किया। मुख्य अथिति निशी कान्त नीरज ने प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया फूलो जान्हो आशीर्वाद योजना के तहत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की वैसी गरीब महिलाएं दीदी जो हडीया- दारू बेचने का जो कार्य करती है वैसी महिलाएं दीदी को रूडसेट संस्थान के माध्यम से प्रक्षिशण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की बात कही ।आप सभी लोग मन से प्रशिक्षण प्राप्त किए है यह मुझे देखने से ही लग रहा है क्योंकि आप का आत्मविश्वास कह रहा है क्योकि महिलाएं भी टेलरिंग और फास्ट फूड के क्षेत्र में आए और ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाए, क्योंकि आज के समय में काफी मांग है बाजारों में प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे, यहां पर व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि आज के दौर में महिलाएं टेलर बहुत कम देखने को मिलता है, आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करे और आप बेहतर तरीका से कार्य करे,और आप एक सफल उद्यमी बने। मंच का संचालन मौके पर वरिष्ठ संकाय जगदीश कुमार महतो,और वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार , डीएसटी मौसमी गोराई,दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## राज्य के पांच प्रमंडलों में से तीन में आयुक्त की कमी

विनय मिश्रा



**झारखंड** में कुल पांच प्रमंडल हैं जिसमें कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त हरि कुमार केसरी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गये और यह प्रमंडल स्थायी रूप से आयुक्त विहीन है। दक्षिणी छोटानागपुर रांची प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र को पलामू प्रमंडल का भी दायित्व मिला हुआ है क्योंकि इस प्रमंडल में भी आयुक्त पद रिक्त थे। वहीं संथाल परगना दुमका के आयुक्त लालचंद डाडेल गंभीर रूप से बीमार हैं और उनका इलाज बंगाल में चल रहा है श्री डाडेल की तबीयत अचानक 6 मई को उस समय बिगड़ गई जब श्रावणी मेला को लेकर महत्वपूर्ण बैठक चल रही थी उनके तबियत बिगड़ने पर स्थानीय चिकित्सा के पश्चात उन्हें बेहतर इलाज के लिए ले जाया गया जहाँ वर्तमान समय में उनकी हालत में सुधार है। श्री डाडेल 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे इस प्रकार यहाँ भी आयुक्त की उपस्थिति नहीं है जबकि संथाल परगना में कुल 6 जिला समाहित है जिसमें मुख्य रूप से दुमका, गोड्डा,पाकुड़, साहिबगंज, देवघर जामताड़ा जिला शामिल है।

## शिवा कच्छप ने अजय नाथ शाहदेव को किया सम्मानित



**रांचीः** केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप की अगुवाई में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष चुने गये अजय नाथ शाहदेव को बुके और सरना अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं बधाई दी गयी।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संख्याः मं. रे. प्र.-टीआरडी-02-2025-26 कार्य का नामः TRD work in connection with Train terminating facility at ABR and stabling line along with goods PF at BMN station. अनुमानित लागतः Rs. 1,10,40,320.00/-बयाना राशिः Rs. 2,05,200/-ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समयः 16.06.2025 को 15:00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समयः 16.06.2025 को 15:30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाइट का पताः www.ireps.gov.in 607-AJ/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## जन-जन की आवाज है प्रधानमंत्री के मन की बातः संजय जायसवाल



**रांचीः** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने प्रधानमंत्री के मन की बात अपने बूथ पर सुनी। श्री जायसवाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का देश की जनता इंतजार करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात है जन-जन की आवाज। इसमे हमें कुछ नया सुनने और सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर के उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, शुभम जायसवाल, मुन्ना भारद्वाज, संदीप भगत, अजय जायसवाल, विजय साहू, सुरेंद्र साहू, धनंजय सिंह, गीता देवी, कंचन देवी, आरती देवी, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष चौधरी, तरुण कुमार जायसवाल, आकाश कुमार, गोविंद वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## श्याम भक्त मुन्ना भाई ने श्री श्याम मंदिर के लिए प्रारम्भ की निशान पद यात्रा

**रांचीः** आज प्रातः 8:30 बजे रजरप्पा के शक्तिपीठ छिन्नमस्तिका मंदिर से श्री श्याम निशान का विधिवत पूजन और आरती के उपरांत जय श्री श्याम के जयकारा के साथ श्याम भक्त मुन्ना शर्मा ने निशान उठाया ।

उनके साथ काफी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे। सर्वप्रथम निशान के साथ सभी लोगों ने मंदिर के गर्भगृह में जाकर माता की पूजा की और दर्शन किये। सुजीत पंडा ने विधिवत निशान का पूजन कराया, निशान की आरती की गई।

जैसा कि ज्ञात है खाटू श्याम के लिए यह 14वीं निशान यात्रा पद यात्रा है । राजरप्पा से चलकर आज 30 किलोमीटर की यात्रा तय कर निशान पद यात्रा रामगढ़ पहुँचेगी। यहां श्री श्याम भगवान के मंदिर में निशान का स्वागत ,अभिनंदन व पूजन किया जाएगा । रात्रि विश्राम रामगढ़ में होगा।



इस अवसर पर माता के मंदिर के पंडा ने श्याम भक्त मुन्ना शर्मा को अंग वस्त्र, माल्यार्पण कर स्वागत किया। यह श्री श्याम निशान पदयात्रा रजरप्पा से रामगढ़ ,हजारीबाग , बरही, चौपारण, शेरघाटी औरंगाबाद, सासाराम ,डेहरी ऑन सोन, बनारस, इलाहाबाद होते हुए 1550 किलोमीटर की यात्रा तय कर खाटू के श्री श्याम मंदिर 35 दिनों में पहुंचेगी। लगभग प्रतिदिन 40 किलोमीटर की यात्रा के बाद रात्रि विश्राम होगा।

रांची से 7 बार ,कोलकाता से 1 बार ,रायगढ़ से 1 बार, दरभंगा से 1 बार ,गुमला से 1 बार, कानपुर से 1 बार बासुकीनाथ से 1 बार कुल 13 बार पैदल यात्रा कर चुके हैं मुन्ना भाई । झारखंड के रजरप्पा धाम से यह उनकी श्याम निशान लेकर 14वीं श्री श्याम निशान पदयात्रा होगी। यात्रा प्रतिदिन प्रातः 6:00 बजे निशान पूजन, आरती, भोग के उपरांत प्रारंभ होगी सायं 6 बजे यात्रा को विश्राम दिया जायेगा। साथ ही मंदिरों में,धर्मशाला में,श्याम प्रेमी के आवास पर जहां भी लोग रुकने के लिये एवं पवित्र जगह निशान को रखने के लिये जगह उपलब्ध कराते है वही पर सायं आरती, पूजन, संकीर्तन, प्रसाद का भोग बाबा के निशान को लगाया जायेगा।

इस यात्रा को सजाने में कई श्याम प्रेमियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस यात्रा में आज मुख्य रूप से,नटवर शिखवाल, धर्मपत्नी, जगदीश, राम जी, तिवारी जी सहित काफी संख्या में श्याम भक्त राजरप्पा से रामगढ़ पहुंचेंगे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



**नाम- भीम स्वाँसी, रंग-सांवला, ऊँचाई- 5 फीट 6 ईंच, पहनावा- कन्धा में एक धोती एवं कमर में शोल है।**

उपरोक्त लापता पुरुष भीम स्वाँसी, नाता-मो0 भादू देवी, पति-स्व0 उधौव स्वाँसी, सा0-सितुमडीह, पो0-लान्दुपडीह, थाना- सोनाहातु, जिला-राँची जो दिनांक-29.04.25 को अपने घर से बिना बताये कहीं चले गये है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आये है। जिसके संबंध में सोनाहातु थाना सनहा संख्या-09/2025, दिनांक-15.05.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आव यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरुश कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, बुण्डू, राँची। -9431706144

थाना प्रभारी सोनाहातु राँची। -9431706192

पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR.NO.353430 Police(25-26):D


## पत्रकार पर जानलेवा हमला, जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज

### बीच-बचाव करने गए रांची प्रेस क्लब के महासचिव के साथ भी दुर्व्यवहार

मेट्रो रेज

**रांचीः** राज्य में पत्रकारों पर हो रहे हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला एचईसी परिसर के सेक्टर 2 क्षेत्र का है।

एचईसी परिसर के सेक्टर 2 स्थित आवास संख्या सीडी 14 में रहने वाले दिलीप सिंह द्वारा सीडी-16 निवासी संध्या रानी के भाई वरिष्ठ पत्रकार व झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजीत कुमार दीपक के साथ शनिवार की शाम में मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई।

घटना के बारे में संजीत कुमार दीपक व उनकी बहन संध्या रानी ने बताया कि उक्त आवासीय परिसर में लगभग 30 वर्ष पुराना उनका गैरेज नीचे में स्थित है।

वहीं, नीचे आवास संख्या सीडी-14 में अवैध रूप से रह रहे दिलीप सिंह शनिवार को अपने दर्जन पर सहयोगियों के साथ मिलकर गैरेज को तोड़कर हटा दिया और अपने बाउंड्री के भीतर जबरदस्ती उसे अतिक्रमित कर लिया। इसकी सूचना मिलने पर संजीत अपनी दीदी और अन्य परिजनों के साथ वहां पहुंचे और गैरेज हटाने का विरोध किया। इस पर दिलीप सिंह और उसके अन्य सहयोगियों ने लाठी-डंडे के साथ संजीत को मारना शुरू कर दिया। इससे उसके कमर और पीठ पर गंभीर चोटें आई है। यही नहीं, दिलीप सिंह ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए, जाति सूचक अशब्दों का प्रयोग करते हुए संजीत को जान से मारने की धमकी भी दी।



संजीत ने बताया कि सीडी-14 आवास एचईसी प्रबंधन द्वारा सुषमा बेरा के नाम से दीर्घकालीन लीज पर आवंटित है। दिलीप सिंह ने मूल लीजधारक सुषमा बेरा से उक्त आवास को अवैध तरीके से लिया है। वहीं, सीडी 16 में रहने वाली संध्या रानी ने बताया कि विगत तीस वर्षों से उनके आवास के नीचे गैरेज बना हुआ है, जहां वह अपना वाहन रखा करते थे। इसके पूर्व भी गैरेज हटाने के लिए उन पर काफी दबाव बनाया गया था। दिलीप सिंह द्वारा गाली-गलौज व दुर्व्यवहार किया गया था।

इस संबंध में पत्रकार संजीत कुमार दीपक और उनकी बहन की ओर से जगन्नाथपुर थाने और एससी- एसटी थाने में पूर्व में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

पुनः शनिवार (23 मई) को दिलीप सिंह लगभग दर्जन पर सहयोगियों के साथ मिलकर उक्त गैरेज को जबरन तोड़कर हटाने लगे और अपने बाउंड्री के अंदर घेराबंदी कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। इसका विरोध करने पर श्री दीपक के साथ दिलीप सिंह और उनके अन्य सहयोगियों द्वारा बुरी तरह मारपीट की गई।

इस मामले में संजीत व उनके परिजनों द्वारा जगन्नाथपुर थाना सहित एससी-एसटी थाने में भी मामला दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है।

इधर विभिन्न पत्रकार संगठनों ने उक्त घटना की निंदा करते हुए इस मामले में मुख्यमंत्री, डीजीपी, एसएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है और पत्रकार संजीत कुमार दीपक के ऊपर जानलेवा हमले करने वाले पर कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध पुलिस-प्रशासन से किया है।


**झारखण्ड सरकार**

**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**

**(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)**

अधिघोषणा (अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)

नगर पंचायत बुण्डू, राँची बस पड़ाव निर्माण कार्य परियोजना

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा "नगर पंचायत बुण्डू, राँची बस पड़ाव निर्माण कार्य परियोजना" हेतु ग्राम-बुण्डू, थाना-बुण्डू, थाना संख्या-28, अंचल-बुण्डू, जिला-राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-2.00 एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा-2.00 एकड़ है, जो ग्राम-बुण्डू, थाना-बुण्डू, थाना संख्या-28, अंचल-बुण्डू, जिला-राँची में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:- मौजा-बुण्डू


| क्र० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32 | 5217 | टांड | 0.04 | नवीन कुमार साहू | गैरज | बबिता सिंह | गैरज | सुकरमनी देवी |
| 2 | 32 | 5225 | टांड | 0.04 | नवीन कुमार साहू | महेंद्र कुम्हार | बबिता सिंह | NH-33 | सुकरमनी देवी |
| 3 | 32 | 5216 | टांड | 0.10 | सुकरमनी देवी | शीला देवी | पंचमी देवी | नवीन साहू | तालाब |
| 4 | 32 | 5184 | टांड | 0.37 | नवीन कुमार साहू | तालाब | 5185 | 5185 | 5183 |
| 5 | 32 | 5186 | टांड | 0.50 | नवीन कुमार साहू | तालाब | 5182, 5219 | सुकरमनी देवी | 5183 |
| 6 | 996 | 5183 | टांड | 0.27 | लालू उरॉव | तालाब | 5182 | नवीन साहू | वृन्दावन मांझी |
| 7 | 178 | 5177 | टांड | 0.08 | रूकमिनी देवी | - | 5180 | तलाब | 5175, 5178 |
| 8 | 178 | 5181 | टांड | 0.16 | रूकमिनी देवी | - | 5180 | तलाब | 5175, 5178 |
| 9 | 178 | 5176 | - | 0.44 | रूकमिनी देवी | वृन्दावन मांझी | सोहन उरॉव | तालाब | सहायक रोड |
| | | | कुल | 2.00 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या-30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिचन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-

ग्राम-XXX, थाना संख्या-XXX, अंचल-XXX, जिला-XXX, क्षेत्रफल-XXX एकड़, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन, जि०भू०अ०का०,राँची। | कानूनगो, जि०भू०अ०का०,राँची। | जि० भू० अ० पदा०, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 353454 (Land Reforms)25-26*D



# गंदे कोलेस्ट्रॉल को खत्म करता है एवोकाडो

**आपके शरीर को कोलेस्ट्रॉल की थोड़ी मात्रा की आवश्यकता होती है। लेकिन जब यह मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाती है तो व्यक्ति को दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसे गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यह आमतौर पर असंतुलित जीवनशैली के वजह से होता है। ऐसे में एवोकाडो का सेवन आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।**

कोलेस्ट्रॉल आपके शरीर का एक जरूरी हिस्सा है। यह लीवर द्वारा निर्मित होता है, लेकिन यह पशु उत्पादों में भी पाया जा सकता है जो आप खाते और पीते हैं। क्यों जरूरी है कोलेस्ट्रॉल? हमें खून में थोड़ी मात्रा में कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है क्योंकि आपका शरीर इसका उपयोग कोशिका झिल्ली की संरचना का निर्माण करने के लिए करता है। इसके अलावा यह शरीर में एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन और एड्रेनल जैसे हार्मोन बनाते हैं। और आपके चयापचय को कुशलता से काम करने में मदद करता है, साथ ही बॉडी में विटामिन डी के उत्पादन के लिए आवश्यक होता है। लेकिन खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का बढ़ने से आपको दिल का दौरा और स्ट्रोक जैसी परेशानी में का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज होते हैं, उन्हें अपने खान-पान में सुधार करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में यदि आपको हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है तो एवोकाडो आपके सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। हाई कोलेस्ट्रोल के कोई लक्षण दिखाई नहीं पड़ते हैं। इसका पता केवल खून जांच करवाने पर ही होता है। इसलिए एक्सपर्ट हर पांच साल में कोलेस्ट्रोल टेस्ट करवाने की सलाह देते हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित शोध के अनुसार, हर दिन एक एवोकैडो का सेवन करने से आपके खून में जमा होने वाले गंदे कोलेस्ट्रोल को कम करने का काम कर सकता है। मक्खन स्वाद वाले इस फल को बटर फ्रूट भी कहा जाता है। इसमें मौजूद भरपूर पोषक तत्वों और इसके हेल्थ बेनिफिट्स के कारण इसे सुपर फूड की लिस्ट में भी शूमार किया गया है।

### एवोकाडो में पाए जाने वाले पोषक तत्व

अच्छे वसा और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले गुणों के अलावा, एवोकाडो में ऊतक वृद्धि और मरम्मत के लिए विटामिन सी, ब्लड हेल्थ के लिए विटामिन च,कोशिका और ऊतक कार्य के लिए फोलेट, प्रतिरक्षा फंक्शन के लिए विटामिन बी -6, फाइबर, और बहुत कुछ होता है। इसके अलावा इसमें आयोडीन, प्रोटीन, खनिज तत्व, फैटी एसिड, कैल्शियम, लोहा, मैग्नीशियम, पोटेशियम, तांबा, मैंगनीज, फास्फोरस, जस्ता, विटामिन सी, विटामिन बी-12, विटामिन ए, विटामिन डी, विटामिन ई, थाइमिन, रिबोफ्लैविना, नियासिन पाए जाते हैं।





# खून में बढ़े यूरिक एसिड को किचन की ये चीजे करेंगी काबू

**खून में यूरिक एसिड बढ़ने को हाइपरयूरिसीमिया कहा जाता है। आज के समय में यह बीमारी बहुत सामान्य रूप से लोगों में देखने के लिए मिलती है।**

### कैसे बढ़ जाता है यूरिक एसिड?

मायो क्लिनिक के अनुसार, अधिकांश समय यूरिक एसिड का स्तर तब बढ़ जाता है, जब आपके गुर्दे यूरिक एसिड को कुशलतापूर्वक समाप्त नहीं कर पाते हैं। जिन चीजों के कारण से यूरिक एसिड को हटाने में किडनी सक्षम नहीं होता है, उनमें समृद्ध खाद्य पदार्थ, अधिक वजन होना, मधुमेह होना, कुछ मूत्रवर्धक लेना और बहुत अधिक शराब पीना शामिल हैं।

यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से कई तरह की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इन बीमारियों में मुख्य रूप से गाउट, दिल की बीमारी, किडनी संबंधित समस्या शामिल है।

यूरिक एसिड नोर्मली कितना होना चाहिए? पुरूषों में 3.4-7.0 मिलीग्राम, महिलाओं में 2.4-6.0 मिलीग्राम तक यूरिक एसिड किसी तरह का जोखिम नहीं पैदा करता है। यदि आपका यूरिक एसिड बढ़ गया है तो आप इसे कुछ उपायों से घर पर ही कंट्रोल कर सकते हैं।

### सेब के सिरके से होगा यूरिक एसिड कंट्रोल

सेब का सिरका नेचुरल क्लींजर और डिटॉक्सीफायर है जो शरीर से यूरिक एसिड को साफ करने का काम करता है। इसमें मौजूद एसिड यूरिक एसिड को तोड़कर बाहर निकालने का काम करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

1 चम्मच सेब के सिरके को एक गिलास पानी में अच्छी तरह से घोल लें। अब इस घोल को पूरे दिन में 2-3 बार पिएं। ऐसा तब तक करते रहें जब तक यूरिक एसिड कंट्रोल नहीं हो जाता है।

### जैतून से कम होता है यूरिक एसिड

एनसीबीआई के अनुसार,जैतून का तेल यूरिक एसिड को कम करने का काम कर सकता है। दरइअसल, इसमें विटामिन ई के अलावा विटामिन के, आयरन, ओमेगा 3, फैटी एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो यूरिक एसिड को कम करने में सहायक है।

### कैसे करें इस्तेमाल

सब्जियों को बनाने के लिए घी या अन्य खाद्य तेल की जगह जैतून का तेल इस्तेमाल करें।

बेकिंग सोडा से करें यूरिक एसिड पर काबू

बेकिंग सोडा बढ़े यूरिक एसिड के स्तर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह इसे कम करने के साथ ही गाउट के दर्द को भी दूर करने का काम करता है। यह अल्कलाइन के लेवल को बनाए रखता है जिससे यूरिक एसिड को घुलनशील बना देता है।


### यूरिक एसिड का घरेलू उपाय है नींबू

एक स्टडी के अनुसार, नींबू आपके शरीर में अल्कलाइन के प्रभाव को बढ़ाकर यूरिक एसिड को कम करने का काम करता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद विटामिन सी यूरिक एसिड के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकता है।

#### ऐसे करें इस्तेमाल

एक गिलास हल्के गर्म पानी में नींबू का रस निचोड़ लें। फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। हफ्तेभर इसके सेवन से तुरंत असर दिखने लगता है।

# कैसे वजन कम करता है लो कार्ब्स डाइट




**हमारे पास कई तरह के फूड्स उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी एक को चुनना और उसके साथ रोल करना हमेशा मुश्किल होता है। इन डाइट में लो-कार्ब डाइट भी शामिल है, जो वजन घटाने के लिए सबसे पहले याद की जाती है। लो-कार्ब डाइट मतलब यह है कि जब कोई व्यक्ति कार्बोहाइड्रेट का सेवन बंद कर देता है और इसके बजाय प्रोटीन, स्वस्थ वसा और सब्जियों का सेवन करता है। यह खाने की इच्छा को कम करके, कार्ब्स को प्रोटीन से बदलकर आसानी से वजन कम करने में मदद करता है।**

### क्या होता है कार्बोहाइड्रेट?

कार्बोहाइड्रेट मुख्य खाद्य प्रकारों में से एक हैं, जिनकी हमें शरीर के सभी कार्य के लिए आवश्यकता होती है। जब हम कार्ब्स का सेवन करते हैं, तो हमारा शरीर उनसे ऊर्जा प्राप्त करने के लिए उन्हें तोड़ता है। जब शरीर को उन कार्ब्स की तुरंत जरूरत नहीं होती है, तो यह उन्हें हमारी मांसपेशियों और लीवर में जमा कर देता है। जब ये जमा हुआ कार्ब्स लंबे समय तक अनुपयोगी हो जाते हैं, तो हमारा शरीर उन्हें वसा में बदल देता है।

### लो कार्ब डाइट कौन-सी है

कम कार्ब आहार में कई अलग-अलग प्रकार के आहार शामिल हो सकते हैं और इससे वजन कम हो सकता है। कम कार्ब आहार के माध्यम से वजन कम करना प्रभावी होता है क्योंकि वे आपकी भूख को कम करते हैं। आप भूख महसूस किए बिना भी कम कैलोरी खाते हैं, क्योंकि प्रोटीन और वसा आपको भर देते हैं। कम कार्ब वाला आहार पहले छह महीनों में वजन घटाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है, और अगर आपको इसकी जरूरत है तो आपको तेजी से वजन कम करने में मदद करता है।

### किन चीजों से बचें और किन्हें खाएं

प्राकृतिक वसा जैसे मक्खन, मेवा, बीज और तेल के साथ पत्तेदार हरी सब्जियों के साथ प्रोटीन मिलकर कम कार्ब वाले आहार को बनाते हैं। ब्रेड, चावल, आलू, फल, चॉकलेट, सोडा आदि जैसे चीनी से भरे और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों से बचने के लिए ध्यान रखने की जरूरत है।



# स्वास्थ्य के लिए आयरन की मात्रा को नियंत्रित करना जरूरी

**आयरन हमारे शरीर के लिए एक जरूरी पोषक तत्व है। बावजूद इसके अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से स्वास्थ्य और शरीर को नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अन्य पोषक तत्वों की ही तरह आयरन की मात्रा को भी नियंत्रित करने की जरूरत होती है।**

किसी भी चीज का ज्यादा मात्रा में सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। आयरन के लिए भी यही बात लागू होती है। आयरन एक जरूरी मिनरल है, जो आपके शरीर को ऊर्जा देने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए जरूरी है। इसका सीधा सा मतलब है कि आपको रोजाना आयरन की जरूरत है। हालांकि, ऐसे कई लोग भी हैं, जो कम मात्रा में आयरन लेने के कारण आयरन की कमी से जूझते हैं। जहां आयरन की कमी से एनीमिया और थकान हो सकती है, वहीं इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करना भी अच्छा नहीं है। सिर्फ इसलिए कि आयरन जरूरी है, इसका मतलब यह नहीं कि आप अधिक मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं। किसी भी पोषक तत्व के सेवन का नियम इसे सही मात्रा में लेना है। जबकि अन्य पोषक तत्वों की तरह इसका अधिक सेवन करना हानिकारक है। यहां तक की जो लोग इसकी ओवरडोज लेते हैं, उनके लिए यह किसी जहर से कम नहीं है। आयरन हीमोग्लोबिन का भी जरूरी हिस्सा है। हीमोग्लोबिन रेड ब्लड सेल्स में पाया जाने वाला एक प्रोटीन है। यह बॉडी के सभी सेल्स तक ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए जिम्मेदार है। एनसीबीई की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों को अपने आहार में आयरन नहीं मिलता, उनमें आयरन की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से महिलाओं में आयरन की कमी बहुत देखी जाती है।

अपनी बॉडी में आयरन लेवल को नियंत्रित करने के दो कारण हैं। पहला , जरूरी पोषक तत्व होने के कारण आयरन शरीर के कई कामों में बुनियादी भूमिका निभाता है। इसलिए हमें थोड़ी मात्रा में ही इसे लेना चाहिए। वहीं अधिक मात्रा में आयरन जहरीला होता है, इसलिए बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन से बचना भी चाहिए।

### कब बन जाता है आयरन जहरीला

आयरन धीरे-धीरे या कभी-कभी अचानक जहरीला हो सकता है। आयरन इसके जरूरत से ज्यादा सेवन के कारण जहरीला हो सकता है खासतौर से तब जब लोग आयरन सप्लीमेंट का ओवरडोज लें या फिर व्यक्ति क्रॉनिक आयरन ओवरलोड डिसऑर्डर से ग्रसित हो। बता दें कि इससे आयरन पॉइजनिंग, हैरिडेट्री हैमोक्रोमेटोसिस जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती है। एक स्टडी के अनुसार, 40 मिग्रा से ज्यादा आयरन का सेवन करने पर आपको मेडिकल हेल्प की जरूरत पड़ सकती है।

### आयरन और कैंसर का संबंध

एक स्टडी के अनुसार, आयरन की अधिक मात्रा से जानवर और मनुष्यों दोनों में कैंसर हो सकता है। नियमित रूप से ब्लड डोनेट करने से इस रिस्क को कम करने में मदद मिल सकती है।

### बढ़ सकता है इंफेक्शन का खतरा

स्टडी के अनुसार, आयरन ओवरलोड और आयरन की कमी दोनों ही संक्रमण को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि आयरन सप्लीमेंट से भी संक्रमण की गंभीरता बढ़ सकती है। जिन लोगों में इंफेक्शन का रिस्क ज्यादा है, उन्हें बहुत सोच समझकर इसका सेवन करना चाहिए।

अधिक मात्रा में आयरन हानिकारक हो सकता है। हालांकि , आयरन सप्लीमेंट उन लोगों के लिए फायदेमंद हे, जो आयरन की कमी से पीड़ित हैं। लेकिन उन लोगों के लिए जहर है, जिन्हें आयरन की कमी नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, बिना डॉक्टर की सलाह के आयरन सप्लीमेंट कभी नहीं लेना चाहिए।



# आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है सुबह खाली पेट चाय की चुस्की

**अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनके लिए चाय एक एनर्जी ड्रिक का काम करती है या फिर जिनकी सुबह ही एक कप गर्म प्याली चाय के साथ होती है तो यह खबर आपके लिए ही है। जी हां क्या आप जानते हैं खाली पेट सुबह की चाय की गर्म चुस्की आपकी सेहत पर कितना बुरा असर डाल सकती है। आइए जानते हैं।**

सुबह खाली पेट चाय पीने से पेट में अम्लीय और क्षारीय पदार्थों के असंतुलन की वजह से चयापचय प्रणाली बाधित हो सकती है। यह शरीर की नियमित चयापचय गतिविधि में हस्तक्षेप करके व्यक्ति को दिन भर परेशान रख सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, जब दूध को चाय के साथ मिलाया जाता है, तो दूध में मौजूद वजन घटाने के लिए जिम्मेदार तत्वों का असर कम हो जाता है। इसके अलावा दूध से बनी चाय पेट के एसिड को बढ़ाकर आपके पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डाल सकती है। जो कि वजन बढ़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है।

### अल्सर की समस्या

अक्सर आपने कई लोगों को यह कहते सुना होगा कि उन्हें सुबह उठते ही एकदम स्ट्रॉन्ग और गर्मागरम चाय पीना पसंद है। पर क्या आप जानते हैं सुबह-सुबह खाली पेट गर्म चाय पीने से पेट की अंदरूनी हिस्से पर चोट लग सकती है, जो आगे चलकर पेट के अल्सर का कारण भी बन सकता है।

### मोटापे की समस्या

खाली पेट चाय पीने से उसमें घुली हुई चीनी शरीर में प्रवेश करती है, जिससे व्यक्ति का वजन बढ़ने के साथ मोटापा भी बढ़ता है।

### हड्डियों के लिए बुरी है चाय

खाली पेट लंबे समय तक रोज कई कप चाय के पीने से स्केलेटल फ्लोरोसिस जैसी बीमारी हो सकती है यह बीमारी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना देती है। जिसकी वजह से कई गंभीर बीमारी भी हो सकती है।

### थकान और चिड़चिड़ापन

ऐसा कहा जाता है कि चाय पीने से ताजगी आती है। हालांकि सच तो ये है कि सुबह दूध वाली चाय पीने से काम में थकान और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

### पाचन क्रिया पर बुरा असर

सुबह उठते ही कई लोग खाली पेट चाय पीने लगते हैं। जिसकी वजह से उनके पेट में गैस बनने के साथ उनकी पाचन क्रिया भी धीमी हो जाती है। खाली पेट चाय पीने से पित्त की प्रक्रिया में भी बाधा आती है। जिसकी वजह से मिचली और बेचैनी महसूस हो सकती है।

### तनाव बढ़ने का है कारण

सुबह उठते ही फ्रेश और ऊर्जावान बने रहने के लिए लोग एक कप चाय पीना पसंद करते हैं। नतीजतन, ऐसे व्यक्तियों के शरीर में कैफीन की मात्रा काफी बढ़ जाती है और उन्हें नींद न आने के साथ तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं घेर सकती हैं।

### ह्रदय रोग का खतरा

खाली पेट चाय पीने से इसमें मौजूद कैफीन तेजी से शरीर में घुलने लगता है। जो व्यक्ति के ब्लड प्रेशर को प्रभावित करके दिल की सेहत पर भी बुरा असर डालता है।

### इस तरह से पिएं चाय

अगर आप चाय के शौकीन हैं तो हमेशा न ही ज्यादा गर्म और न ही अधिक ठंडी चाय पीएं। सुबह उठते ही चाय पीने की आदत है तो खाली पेट चाय पीने की जगह उसके साथ बिस्किट या स्नैक्स जरूर लें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# विधायक ने करोड़ों की लागत से बननेवाली 13 सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

संवाददाता



**रामगढ़:** जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने रामगढ़ प्रखंड के कारूडीह पंचायत के जोरडीहा में रामगढ़ प्रखंड की 13 सड़क परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। करोड़ों रुपये की लागत से इन 13 सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं नवनिर्माण का कार्य प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगभग 38 किलोमीटर की लंबाई तक किया जाएगा। सभी सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास का शिलापट्ट ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल दुमका द्वारा एक साथ और एक ही स्थान पर लगाया गया था। विधायक ने बारी-बारी से सभी परियोजनाओं के शिलापट्ट का निरीक्षण किया। शिलान्यास स्थल पर पहुंची विधायक का शिलान्यास से पूर्व पुष्पगुच्छ देकर विभागीय पदाधिकारियों एवं संबंधित संवेदकों ने स्वागत किया। शनिवार को विधायक द्वारा शिलान्यास की गयी सड़क परियोजनाओं में से 11 परियोजनाएं सड़कों के सुदृढ़ीकरण तथा दो नव निर्माण की हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार जोरडीहा से कारूडीह तक, पीडब्ल्युडी रोड से सिजुआ तक, अमड़ापहाड़ी से अंगुठिया तक, डांडो से गरडापहाड़ी तक, रन्दोई से रन्दोई सीमा तक, पातोबांध से रानीडीह तक, बौडिया से लीलातरी तक, जोरडीहा से डेलीपाथर तक, सुहोदुहो मोड़ से सुहोदुहो तक, पीडब्ल्यूडी रोड से जमुआ तक और फुलजोड़ी मोड़ से लोहरडीह तक की सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इन सभी सड़कों का काम पैकेज के रूप में एक ही संवेदक को आवंटित किया गया है। जबकि बगबिंधा से डेलीपाथर तक तथा गिदबन्ना से छोटी रण बहियार तक के दो पथों का नवनिर्माण कार्य शामिल है। इन्हें विभाग द्वारा दो अलग-अलग संवेदकों को आवंटित किया गया है। शिलान्यास के मौके पर दुमका के जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल, सहायक अभियंता शमशेर बहादुर सिंह, झामुमो रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू, रामगढ़ के बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा, झामुमो के प्रखंड सचिव नंदलाल राउत, प्रखंड कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, कारूडीह मुखिया सह झामुमो नेत्री सुरूजमुनी हांसदा, राजेश गुप्ता मानू, छोटेलाल मंडल, चंद्रशेखर सोरेन, डाडो के पूर्व मुखिया सुलेमान बास्की, रामा मंडल, राजू भगत, जनसंग मंडल, मदन मंडल, विभागीय पदाधिकारी, संबंधित संवेदक, कनीय अभियंता सहित प्रखंड के गणमान्य ग्रामीण एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जनों

# हयात मेडिकेयर के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ो लोगों ने उठाया लाभ



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड के रामनगर पंचायत सचिवालय में शनिवार को पश्चिम बंगाल के हयात मेडिकेयर की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजिन किया गया। जिसमें आसपास के सैकड़ों लोगों ने नेत्र जांच कर दवाइयां ली। शिविर में आए डॉक्टर ने मरीजों का जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई। उक्त स्वास्थ शिविर में ओपीडी सेवा ,निःशुल्क ईसीजी तथा अन्य कई प्रकार की जांच की व्यस्था की गई। जिसमें ब्लड जांच, ब्लड प्रेशर,दवा वितरण,ओपीडी सहित अन्य कार्यों के लिए अलग अलग काउंटर बनाए गए थे।नेत्र रोग के डॉक्टर ने लोगों का इलाज कर उन्हें दवा दी।वहीं शिविर में उपस्थित डॉक्टर ने सलाह दी की जिन मरीजों का ऑपरेशन किये जाने की स्थिति होगी उनके ऑपरेशन केवल 4 हजार रुपए के खर्च में लेंस के साथ किए जाएंगे।मौके पर अलीशा नसरीन , शाहिद अनवर ,अनवर हुसैन,जहांगीर, सुमन आदि मौजूद रहे।

# बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम



संवाददाता

**दुमका नगर:** बुधवार शाम आयी तेज आंधी और बारिश के कारण दुमका में चरमरायी विद्युत व्यवस्था बहाल करने का सिलसिला जारी है। बिजली आपूर्ति को पुनः बहाल करने में विद्युत विभाग के पसीने छूट रहे हैं। 72 घंटे बीत जाने पर कुछ इलाकों में तो बिजली बहाल हो गयी। लेकिन कुछ इलाकों में अब भी बिजली व्यवस्था सामान्य नहीं हो पायी है। रसिकपुर के कई टोले-गलियों में बिजली तो बहाल हो गयी है, लेकिन कुछ जगहों पर बिजली आपूर्ति में व्यवधान रहा। इसी के मद्देनजर रसिकपुर वार्ड नं।-1 के लोगों ने शनिवार को लगभग एक घंटे तक रसिकपुर रेलवे स्टेशन रोड पूरी तरह से जाम कर दिया। लोगों ने विद्युत विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गयी है तो हमारा इलाका क्यों छूट गया? उन्होंने यह भी कहा कि विभाग के अधिकारियों से बात करने पर वे लोग सही तरीके से जवाब नहीं दे रहे हैं। मुहल्लेवासियों ने कहा कि चार दिन से हमारे इलाके में बिजली नहीं है, जिसके कारण लोगों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही तुरंत दुमका अंचल के अंचलाधिकारी अमर कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों से उनकी समस्याओं को सुनकर तुरंत इसका निदान कराने का आश्वासन देकर जाम को समाप्त करवाया। साथ ही आवागमन को सुचारू रूप से चालू भी करवाया। इधर, खिजुरिया में भी बिजली आपूर्ति बहाल न हो पाने और सड़क पर गिरे पेड़ न हटवाये जाने से लोगों में आक्रोश दिखा। हालांकि दोनों ही इलाके में शाम तक बिजली आपूर्ति विभाग ने बहाल करा दी थी।

# प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश ने मंडल कारा का किया निरीक्षण , दिये आवश्यक निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार ने मंडल कारा साहिबगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैरकों का दौरा कर बंदियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य इलाज पेयजल भोजन की व्यवस्था तथा मुकदमों में पैरवी के लिए अधिवक्ता की उपलब्धता से संबंधित जानकारीयां प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिन बंदियों के वाद में जमानत या अपील दायर नहीं की गई है। अधिवक्ता नहीं रख सकते हैं। उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा प्रदान कर उचित कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने जेल परिसर विशेषकर शौचालयों की सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बीमार बंदियों के लिए बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कारा कर्मियों को विशेष दिशा-



निर्देश दिए गए। न्यायाधीश अखिल कुमार ने महिला बैरक में भी जाकर महिला बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि शिक्षापरक और रोजगारपरक शिविरों का आयोजन कर बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे जेल से बाहर निकलने के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने पुस्तकालय रसोईघर भोजन की गुणवत्ता सहित जेल में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराई जाएं और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों से कहा आप सभी किसी न किसी अपराध के आरोप में जेल में हैं। लेकिन यह आपके जीवन का अंत नहीं है। आत्मचिंतन करें।अपने जीवन में सुधार लाएं और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में लौटें। न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि वे बंदियों को मानसिक और नैतिक सुधार की दिशा में प्रेरित करें और समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें। जिससे ये समाज की मुख्यधारा में वापस लौट सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिंधु नाथ लामाये, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत काराअधीक्षक चंद्रशेखर सुमन जेलर मनोज मुर्मू एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम और अन्य भी उपस्थित थे ।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गोलीकांड का उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर घोष टोला में गुरुवार देर रात को हुए गोलीकांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। यह घटना जमीन विवाद के चलते हुई थी, जिसमें कृष्ण घोष को कनपटी में गोली मारी गई थी। हालाकी गोली फिसल कर गर्दन में लग गई थी।जिसके बाद कृष्णा घोष इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और बिना नंबर की अपाची मोटरसाइकिल भी जब्त की है। राधानगर थाना में शनिवार को अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार 22 मई 2025 की रात, राधानगर घोष टोला निवासी कृष्ण घोष मिरनगर चौक के पास था। वहां से वे राधानगर पंचायत भवन की ओर गंगा नदी किनारे होकर बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी सिकेन मंडल के घर के पास तीन लोगों ने उसे रोका और एक युवक ने कनपटी पर गोली चला दी। हालाकी गोली कनपटी से फिसलकर उसके गर्दन में अटक गई। जिससे वे जख्मी हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी रात्रि का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब रहे। परिजनों ने आनन फानन में उसे मालदा ले गए। जहां उनका ऑपरेशन किया गया। उनकी हालत फिलहाल सामान्य बताया जा रहा है। घायल कृष्ण घोष के पुत्र पिकाई घोष के बयान पर कांड संख्या 190/25 दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। वहीं, छापामारी दल ने तेजी से कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि संतोष घोष को सिरासिन फरक्का बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया। जबकि लाला हरिजन व मोहन पासवान को राजमहल स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। इस सफल छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल विमलेश कुमार त्रिपाठी, राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुअनि राधानगर थाना पंकज कुमार दुबे, पुअनि राजमहल थाना बिट्टू कुमार साहा और राधानगर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का षष्टम राज्य सम्मेलन 13 और 14 जुलाई को



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का षष्टम राज्य सम्मेलन आगामी 13 और 14 जुलाई, 2025 को टाउन हॉल,जमशेदपुर में होना सुनिश्चित हुआ है।उपरोक्त कार्यक्रम में ?राज्य कार्यकारिणी गठन के अतिरिक्त,? राज्य संगठन को सहयोग कर्मचारी हित की? कुछ प्रमुख बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।उक्त सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सोमवार को साहिबगंज पुलिस लाइन मंदिर परिसर में संध्या 4 बजे? बैठक रखी गई है। जिसकी जानकारी झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, ?साहिबगंज शाखा के जिला सचिव राजीव पाण्डेय ने दी।उन्होंने इस बैठक मे सभी? सरकारी विभाग के ?कर्मियों अनुबंध संविदा आउट सोर्सिंग कमीर्यों एवं दैनिक मजदूरी ?पर कार्यरत कर्मियों को भाग लेने को कहा है।ताकि बैठक मे उनकी विभिन्न ?मांगों एवं समस्याओं पर? विचार विमर्श किया जा सके।

### 25 से 26 मई तक बोकारो के चंदनक्यारी में आयोजित

राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे दो खिलाड़ी रवाना



**साहिबगंज:** झारखंड एथलेटिक्स संघ एवं बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई से 26 मई तक बोकारो के चंदनक्यारी सिंथेटिक ट्रैक पर आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सिद्धो कान्हु स्टेडियम में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु सोनोत मरांडी 10,000 मी।,5000 मी। राजमहल के सुजीत सरकार 10,000 मी।,5000 मी।में साहिबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए बोकारो रवाना हुए। पूर्व में जिले के दोनों एथलीट लंबी दूरी में राज्य स्तर पर पदक प्राप्त करते हुए झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।जिला के दोनों खिलाड़ियों को जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

### मदरसा इस्लामिया जलसा का आयोजन

**साहिबगंज:** सदर प्रखंड के लालबथानी मे मदरसा इस्लामिया एक जलसा का आयोजन किया गया।जिसमें विशेष रूप से राजमहल लोकसभा से सांसद प्रतिनिधि सोमू हेमब्रम,प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप कुमार सचिव,मो इसहाक सिदिक,आशिक इकबाल,तौहिद आलम, अफजल हुसैन,मो शफीक,अहमद हुसैन,नासीर अलम एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### कार्बाइड का इस्तेमाल करते पकड़े गये तो होगी कठोर कार्रवाई: खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी



**दुमका:** जिले केखाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने शनिवार को फलों से कार्बाइड मुक्त दुमका की शुरूआत की ।इस संबंध में एफडीओ बिल्डिंग में जिले में फलों के थोक एवं खुदरा विक्रेताओं, चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री राम ने बैठक में उपस्थित सभी खाद्य कारोबारियों को सूचित करते हुए कहा कि कार्बाइड का इस्तेमाल कर फलों को पकाने से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। साथ ही फलों की गुणवत्ता एवं सेल्फ लाइफ में गिरावट होती है। इस अभियान के तहत सभी थोक एवं खुदरा विक्रेताओं को कार्बाइड की जगह पर इथिलीन गैस का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्री राम द्वारा सभी को 15 दिनों का समय दिया गया है इस अभियान को सफल बनाने के लिए। उक्त अवधि के उपरांत यदि फलों को पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल करते हुए पाया जाता है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### स्लैब गिरने से श्रमिकों को आई चोट, कोई हताहत नहीं

**देवघर:** जिले के दउपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई है कि पुनासी परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य के दौरान स्लैब गिरने से काम कर रहे श्रमिकों को चोट आई है, जिसके पश्चात एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को त्वरित सदर अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सकों की टीम के देखरेख में सभी को खतरे से बाहर बताया हैं और कोई हताहत नही हैं।

### उपायुक्त चंदन कुमार ने किया रक्तदान अधिकारियों और कर्मियों को किया सम्मानित

**रामगढ़ :** रामगढ़ समाहरणालय सभा कक्ष में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले डीसी चंदन कुमार ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डीसी ने सर्वप्रथम रक्तदान कर जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रक्त के महत्व और जरूरतमंद व्यक्तियों तक रक्त की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से हम किसी की जान भी बचा सकते हैं इसके साथ ही साथ यह हमारे शरीर के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होती है। रक्तदान शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना है और किसी व्यक्ति की जान बचाना यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात होती है। रक्तदान से हमारा शरीर स्वस्थ एवं तंदुरुस्त भी रहता है। रक्तदान से डरे नहीं जरूरतमंदों को रक्तदान जरूर करें। रक्तदान शिविर के दौरान गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है रक्तदान कर हम किसी व्यक्ति की जान तो बचा ही सकते हैं।



## सामंथा ने अपने मुश्किल वक्त को किया याद

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की।

### 'एक साल काफी कठिन था'

हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।

### 'मुझे मुश्किलों ने बहुत कुछ सिखाया'

सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। मुझे मेरी सफलता ने नहीं है, बल्कि मेरी असफलताओं और कठिनाइयों ने सिखाया है।

### सामंथा के प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म हुई रिलीज

वर्कफ्रंट की बात करें तो सामंथा रूथ प्रभु को आखिरी बार निर्देशक राज और डीके की 'सिटाडेल- हनी बनी' में देखा गया था। इसमें उनके साथ वरुण धवन प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। वह अब 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'बंगारम' पर काम कर रही हैं। सामंथा ने हाल ही में अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत पहली फिल्म 'सुभम' बनाई है। इसमें उन्होंने एक कैमियो भी किया है।



# मां श्वेता तिवारी से तुलना किए जाने पर बोलीं पलक तिवारी

'किसी का भाई किसी की जान', 'द भूतनी' जैसी फिल्मों का हिस्सा रहीं अभिनेत्री पलक तिवारी ने बातचीत के दौरान अपनी मां, टेलीविजन अभिनेत्री श्वेता तिवारी से तुलना किए जाने पर अपनी राय रखी। अभिनेत्री का मानना है कि उनसे तुलना करना सही नहीं है। पलक ने मां से तुलना किए जाने पर कहा कि उनकी मां का करियर शानदार और सफल रहा है, जबकि वह अभी शुरुआती दौर में हैं। ऐसे में तुलना करना गलत है। बिजली-बिजली गर्ल के नाम से मशहूर पलक अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं। खुद को अपनी मां की तरह ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ दर्शकों के सामने पेश करना चाहती हैं।

अभिनेत्री ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने अपनी जिंदगी में जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से की जाए - यह सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं। अगर मैं दर्शकों से उनके जितना जुड़ पाती हूं, तो मैं खुद को सफल मानूंगी।

मनोरंजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी जल्द ही गुड्डू धनोआ के निर्देशन में तैयार रोमियो एस 3 में नजर आएंगी। एक्शन-ड्रामा की शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, रोमियो एस 3 मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। गुड्डू सर ने मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनने का जो अवसर दिया, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। शूटिंग के दौरान मुझे यही लगता था कि मुझे अपना



बेस्ट देना है। उन्होंने बड़े स्टार्स के साथ काम किया है और वह बेहतरीन निर्देशक हैं। उनके साथ काम करना सम्मान की बात है। पलक ने आगे बताया, एक्शन फिल्में मजेदार होती हैं और इसे दर्शक काफी पसंद करते हैं। फिल्म में काम करना मेरे लिए रोमांचक रहा। रोमियो एस 3 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, ठाकुर अनूप सिंह पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखेंगे।

# जय हनुमान से जुड़े भूषण कुमार, नॉर्थ इंडिया में प्रेजेंट करेंगे ऋषभ शेट्टी की अगली फिल्म

'कांतारा' स्टार ऋषभ शेट्टी अब एक और ऐतिहासिक व पौराणिक फिल्म 'जय हनुमान' लेकर आ रहे हैं। 'हनु मान' को बनाने वाले प्रशांत वर्मा इस फिल्म का निर्देशन करेंगे और मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। अब ताजा जानकारी ये है कि टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार इस फिल्म को प्रेजेंट करेंगे।

भूषण कुमार के मैत्री मूवी मेकर्स के साथ जुड़ने से यह एक बड़ा कोलैबरेशन हो गया है। दर्शक इस फिल्म के लिए काफी उत्सुक हैं। इस नए कोलैबरेशन के बारे में बात करते हुए भूषण कुमार ने कहा, जय हनुमान के साथ हम बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक रूप से जुड़ी इस कहानी कहने में आगे बढ़ रहे हैं। मैत्री मूवी मेकर्स के साथ सहयोग करते हुए हम एक ऐसी फिल्म पेश करने के लिए उत्साहित हैं जो भारतीय सिनेमा और भक्ति का उत्सव है। फिल्म में ऋषभ शेट्टी का अभिनय इसे और खास बनाता है।


फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्माता मैत्री मूवी मेकर्स ने कहा, हमें हर जगह के दर्शकों के लिए 'जय हनुमान' लाने पर गर्व है। यह एक ऐसी फिल्म है, जो हमारे दिल के करीब है। हम फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी को शामिल करके खुश हैं। टी-सीरीज के साथ जुड़ने से हम काफी उत्साहित हैं और फिल्म को और भी बड़े स्तर पर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रशांत वर्मा का ड्रीम प्रोजेक्ट है 'जय हनुमान'

निर्देशक प्रशांत वर्मा ने 'जय हनुमान' को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया। जो पौराणिक कथाओं को आधुनिक फिल्म निर्माण की तकनीकों से साथ जोड़ता है।



## ज़ायद खान की ओटीटी मूवी द फ़िल्म दैट नेवर वाज़ में 22 कैमियो और एक धमाकेदार डेब्यू होने का वादा



बॉलीवुड अभिनेता ज़ायद खान अपनी बहुप्रतीक्षित फ़िल्म द फ़िल्म दैट नेवर वाज़ के साथ ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोहित श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित यह फ़िल्म अपने अनोखे विज़न और अभूतपूर्व हास्य की गारंटी के चलते पहले से ही चर्चा में है। फिल्म में लगभग 22 बॉलीवुड सितारों के कैमियो होने की चर्चाओं ने फिल्म प्रेमियों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है, जो ज़ायद को उनके अब तक के करियर से बिल्कुल अलग भूमिका में देखने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 'द फिल्म दैट नेवर वाज़' की खासियत सिर्फ इसके सितारों से सजी कास्ट में ही नहीं है, बल्कि इसके चारों ओर फैले रहस्य में भी है। फिल्म के बारे में जानकारियाँ बेहद गोपनीय रखी जा रही हैं, जिससे दर्शकों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। ज़ायद ने खुद इशारा किया है कि उनका किरदार, इस फिल्म में जिसे शॉर्ट में TFTNW कहा जा रहा है, उनके लिए पूरी तरह नया और चुनौतीपूर्ण है। इससे साफ होता है कि फिल्म में उनका रूपांतरण कुछ ऐसा होगा जिसे देखने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। यह फिल्म सिर्फ एक हास्य फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा भी प्रतीत हो रही है, जो दर्शकों के दिल को भी छू सकती है।



## सलमान खान की ये नई फिल्म डिब्बा बंद, साजिद नाडियाडवाला की 'किक 2' भी हाशिये पर

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव में युद्ध विराम के एलान के बाद सलमान खान ने सोशल मीडिया पर जो कुछ लिखा, और, उसके खिलाफ उनको जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा, उसने हिंदी फिल्म जगत को चौंका दिया है। नतीजा ये हुआ है कि सलमान की भारत-चीन सैन्य तनाव पर प्रस्तावित फिल्म के लिए कोई भी फिल्म निर्माता तैयार नहीं हो रहा है। इससे पहले निर्देशक कबीर खान सलमान खान की तमाम ख्वाहिशों के बावजूद 'बजरंगी भाईजान' की सीक्वल शुरू करने से मना कर चुके हैं।

सलमान खान का हिंदी फिल्म दर्शकों में कभी जबर्दस्त क्रेज रहा है और उनकी औसत फिल्मों को भी ईद पर मिलने वाली बड़ी सफलता इसका गवाह रही हैं, लेकिन अब मौसम बदल रहा है। निर्माताओं ने भी अपनी कुर्सी की पेटियां कस ली हैं और वह अब ऐसी किसी फिल्म के साथ आगे नहीं बढ़ने की सोच रहे हैं, जिसमें सलमान खान का सोलो लीड रोल हो। हाल ही में गलवान घाटी की घटना पर एक फिल्म शुरू होने की बातें इंटरनेट पर खूब हुई। लेकिन, इस फिल्म के सामने भी संकट गहरा रहा है।

निर्देशक अपूर्व लखिया के निर्देशन में प्रस्तावित गलवान घाटी वाली फिल्म का मामला अब ठंडा पड़ता नजर आ रहा है। इस फिल्म के चलते सलमान खान का फौजी की ड्रेस में एआई से बना एक पोस्टर भी खूब वायरल हुआ लेकिन ये फिल्म अब तक शुरू नहीं हो सकी है। सलमान के करीबी सूत्र बताते हैं कि इस फिल्म के लिए अब तक कोई प्रोड्यूसर ही तैयार नहीं हुआ है। वहीं, सलमान खान की राजश्री फिल्म्स के साथ लंबे अरसे से प्रस्तावित अगली फिल्म पर भी निर्देशक सूरज बड़जात्या ने फैसला फिलहाल टाल दिया है।

सलमान खान की संजय दत्त के साथ बन रही एक फिल्म के भी हाशिये पर चले जाने की खबरें हैं और ले देकर अब इस समय सलमान खान के पास सिर्फ एक ही पूर्व घोषित फिल्म है, 'टाइगर वर्सेस पठान', जिस पर इसके आदित्य चोपड़ा ने कैंसिल का निशान तो नहीं लगाया है, पर ये कब शुरू होगी, इसकी तारीख भी नहीं बताई है। सलमान खान की पिछली दोनों फिल्में 'टाइगर 3' और 'सिकंदर' काफी बड़े बजट की फिल्में रही हैं और दोनों फिल्में टिकट खिड़की पर सफल नहीं रहीं। बताते हैं कि यही वजह है कि निर्माता साजिद नाडियाडवाला सलमान के साथ प्रस्तावित अपनी अगली फिल्म 'किक 2' पर अब बात भी नहीं करते, वहीं यशराज फिल्म्स से जुड़े लोग ये भी शंका जाहिर करने लगे हैं कि शायद अब 'टाइगर वर्सेज पठान' बने ही नहीं। सलमान खान को लेकर कुछ निर्देशकों ने लीड कैरेक्टर रोल जैसी फिल्में भी तैयार की हैं लेकिन वह हीरोइन के साथ गानों का मोह छोड़ 'इक्वलाइजर' या 'टेकेन' सीरीज जैसी कोई फिल्म करेंगे भी कि नहीं, इसे लेकर निर्देशकों में अभी उहापोह जारी है।

# उत्तर-पूर्व को मिलेगा खेलों का नया मंच, हर साल होंगे 'खेलो इंडिया नॉर्थईस्ट गेम्स': डॉ मनसुख मांडविया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में छिपी खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच देने और उसे प्रोत्साहन देने के लिए भारत सरकार हर वर्ष 'खेलो इंडिया नॉर्थईस्ट गेम्स' आयोजित करेगी। यह घोषणा शनिवार को केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट 2025' में की। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। डॉ मांडविया ने कहा, 'जिस तरह उत्तर-पूर्व भारत में परिवर्तन की लहर आई है, उसी तरह अब खेलों का एक नया युग भी इस क्षेत्र से शुरू हो रहा है। आज देश के कई शीर्ष खिलाड़ी उत्तर-पूर्व से आ रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।'

**उत्तर-पूर्व राज्यों में हर साल होगा खेलो इंडिया नॉर्थईस्ट गेम्स :** मंत्री ने बताया कि



अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में बारी-बारी से हर वर्ष खेलो इंडिया नॉर्थईस्ट गेम्स आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य न केवल प्रतिभा की पहचान और पोषण करना है, बल्कि परंपरागत खेलों को भी मंच प्रदान करना है।

**खेल अधोसंरचना में अभूतपूर्व विकास**

डॉ मांडविया ने बताया कि उत्तर-पूर्व में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए 2021 में 439 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी, जिसके तहत 64 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें सिंथेटिक टर्फ, मल्टीपर्पज हॉल, स्विमिंग पूल और छात्रावास शामिल हैं। आज इस क्षेत्र में 86 खेल परियोजनाएं सक्रिय रूप से उपयोग में हैं।

**खिलाड़ियों की पहचान के लिए नई डिजिटल पहल :** सरकार 'राष्ट्रीय खेल भंडार प्रणाली' (एनएसआरएस) पोर्टल पर एक विशाल प्रतिभा पहचान अभियान शुरू करने जा रही है। कोई भी नागरिक किसी खिलाड़ी के खेल प्रदर्शन का वीडियो अपलोड कर सकता है। यदि वह खिलाड़ी संभावनाशील पाया जाता है, तो भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की टीम मौके पर जाकर उसका मूल्यांकन करेगी और उसे खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) या राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में शामिल किया जाएगा।

**उत्तर-पूर्व में मजबूत हो रहा है जमीनी स्तर का खेल ढांचा :** वर्तमान में उत्तर-पूर्वी भारत में 250 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) हैं, जहां 8000 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त 8 राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) और गुवाहाटी, इटानगर और इम्फाल में 3 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) सक्रिय हैं, जहां 600 से अधिक खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**महिला खिलाड़ियों के लिए विशेष पहल :** खेल मंत्री ने बताया कि 'खेलो इंडिया अस्मिता लीग' के तहत 13,000 से अधिक उत्तर-पूर्व की लड़कियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। यह दशार्ता है कि यह क्षेत्र अब खेल प्रतिभा का नया केंद्र बनता जा रहा है, जो भविष्य में राष्ट्रीय टीम को मजबूत बैकअप देगा।

**अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए भारत है उपयुक्त: मांडविया**

डॉ मांडविया ने कहा कि भारत 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 में ओलंपिक की मेजबानी का लक्ष्य लेकर चल रहा है। भारत की भौगोलिक विविधता (दक्षिण में मानसून, उत्तर में हिमपात और पश्चिम में गर्मी) इसे वर्ष भर अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए आदर्श बनाती है। उन्होंने कहा, 'जैसे 'मेक इन इंडिया' ने दुनिया को भारत में निर्माण की दिशा में आकर्षित किया, वैसे ही 'प्ले इन इंडिया' भारत को वैश्विक खेल गंतव्य बना सकता है।'

## आईपीएल 2025: क्रुणाल पांड्या हिट विकेट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली।** लखनऊ में शुक्रवार को खेले गए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के मुकाबले में एक अनोखा और दुर्भाग्यपूर्ण विकेट देखने को मिला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से बल्लेबाजी कर रहे क्रुणाल पांड्या हिट विकेट होकर आउट हुए। आईपीएल 2025 में यह दूसरा मौका है जब कोई बल्लेबाज इस अंदाज में आउट हुआ है। क्रुणाल पांड्या इस सीजन हिट विकेट आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले अभिनव मनोहर को इसी तरह का अजीबो-गरीब आउट देखा गया था। पूरे आईपीएल इतिहास की बात करें तो पांड्या अब इस तरह आउट होने वाले 17वें बल्लेबाज हैं। यह घटना दूसरे इनिंग्स के 19वें ओवर में घटी जब पांड्या पैट कमिंस की गेंद का सामना कर रहे थे। वह यॉर्कर गेंद को खेलने के लिए क्रीज में काफी पीछे चले गए, लेकिन शॉट खेलते वक्त उनका बल्ला स्टंप्स से टकरा गया। गेंद बल्ले से नहीं लगी, लेकिन बल्ले से लगी गिल्लियां जरूर गिर गईं। इसके बाद पांड्या सिर हिलाते हुए मात्र 6 गेंदों में 8 रन बनाकर पवेलियन लौटे। आईपीएल में सबसे पहले हिट विकेट का शिकार मुसाविर खोते बने थे। यह घटना 2008 में लीग के पहले सीजन में हुई थी। तब से अब तक 17 खिलाड़ी इस तरीके से आउट हो चुके हैं। इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब में आरसीबी की टीम 19 ओवर में 189 रन पर ही ढेर हो गई।



# प्रधानमंत्री मोदी गुजरात दौरे पर दाहोद में लोकोमोटिव संयंत्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 और 27 मई को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दाहोद, भुज और गांधीनगर में अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। दौरे की शुरूआत 26 मई को दाहोद से होगी। यहां वे भारतीय रेलवे के लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन करेंगे।



दाहोद में प्रधानमंत्री सुबह लोकोमोटिव संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे संयंत्र से निर्मित पहले इलेक्ट्रिक इंजन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह संयंत्र भारतीय रेलवे के लिए 9 हजार हॉर्सपावर के आधुनिक इलेक्ट्रिक इंजन तैयार करेगा। ये इंजन माल ढुलाई को गति देंगे और ऊर्जा की खपत को कम करेंगे। ये पुनयोर्जी ब्रेकिंग सिस्टम से लैस होंगे।

इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री दाहोद में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसमें रेलवे और राज्य सरकार की विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। वे वेरावल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। कटोसन-कलोल खंड के आमान परिवर्तन का उद्घाटन करेंगे और मालगाड़ी को रवाना करेंगे।

प्रधानमंत्री शाम को भुज पहुंचेंगे। यहां वे 53,400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें खावड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क की ट्रांसमिशन परियोजनाएं, तापी का अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट, कांडला बंदरगाह विकास और सड़कों, जल और सौर ऊर्जा से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

प्रधानमंत्री 27 मई को सुबह गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे। वे 'शहरी विकास वर्ष 2025' की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर वे शहरी परियोजनाओं, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और 22 हजार से अधिक पीएमएवाई आवास इकाइयों को समर्पित करेंगे। वे 3,300 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी शहरी निकायों को जारी करेंगे।

## अवैध शराब बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**गोलाघाट (असम)।** गोलाघाट जिले के देरगांव के रंगलिटिंग चाय बागान में देसी शराब बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर बुरी तरह पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि रंगलिटिंग चाय बागान में अवैध तरीके से देसी शराब बेचने के आरोप में स्थानीय लोगों ने गाठी साह नामक व्यक्ति का हाथ-पैर बांधकर बुरी तरह से पिटाई की। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने स्थानीय लोगों के चंगुल से अवैध शराब के कारोबार में शामिल आरोपित को छुड़ाकर थाने लेकर आई। चाय बागान में अवैध शराब बेचे जाने को लेकर असम की चाय जनजाति छात्र संघ और असम जातीयतावादी युवा परिषद द्वारा चाय बागान इलाके में शराब बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई गयी है।

## गोमती नदी की स्थिति बदहाल, मंदाकिनी नदी की सफाई को उतरे जलशक्ति मंत्री



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नदियों की बदहाल स्थिति को लेकर केन्द्र सरकार के नमामि गंगे के अधिकारियों ने कई बैठकें की हैं। इसके बाद वाराणसी की वरूणा नदी में गिरने वाले कूड़ा कचरा को बहुत हद तक सुधारा गया है। अयोध्या में सरयू नदी को भी नई प्राण वायु मिली है। लखनऊ में गोमती नदी की स्थिति अभी भी बदहाल है, कुछ सामाजिक संस्थाएं बीच बीच में स्वचछता अभियान चलाती हैं, लेकिन कोई ठोस बदलाव नहीं दिखता है। बड़ा इमामबाड़ा के निकट रविवार को कुड़िया घाट के सम्मुख गोमती नदी की बदहाल स्थिति देखी गयी। गोमती नदी में पर्यटन के लिए इस घाट को तैयार किया गया था। नदी के जल पर तैरती हुई जल?कुम्भी के कारण नाव के संचालन में खासा दिक्कते सामने आ रही हैं। पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के नाव की सैर खासा महत्व रखती है। फिर भी गोमती नदी में जलकुम्भी की मात्रा बहुत ज्यादा होने से नाव संचालन नहीं हो पा रहा है। नाव संचालक बड़े तिवारी ने कहा कि कुड़िया घाट पर घूमने फिरने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं। नदी में नाव संचालन, नदी किनारे चाय मैगी की दुकानों के संचालन से लोगों को रोजगार मिलता है। गोमती नदी में नाली का गंदा पानी गिर रहा है, इससे जल दूषित हो चुका है। यहां का जल आचमन करने योग्य नहीं बचा है। जलकुम्भी तैर रही हैं। जिससे नावों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। नदी किनारे छोटे आयोजन होते हैं, वहीं घाट पर बने पार्क में फिल्मों की शूटिंग भी होती हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की सख्ती के कारण सुबह पार्क और आसपास झाड़ू लगता है।

# शादी की रात दूल्हा नदारद, खुली पांच साल पुरानी शादी की पोल

एजेंसी



**बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भुडवा गांव में शनिवार रात एक शादी समारोह की खुशी उस वक्त उड़ गई जब दूल्हा बारात के साथ नहीं पहुंचा। पूरी तैयारी के बाद जब वधु पक्ष को यह सूचना मिली कि जिससे बेटी की शादी तय की गई है, वह पहले से शादीशुदा है। इस जानकारी के बाद रिश्तेदारों से भरे घर सन्नाटा पसर गया।

भुडवा गांव निवासी शिवनाथ ने अपनी पुत्री की शादी बदोसराय थाना क्षेत्र के खजुरिहा गांव निवासी रमेश चंद के पुत्र रामकेश से तय की थी। शादी 24 मई की रात को होनी थी। लड़की पक्ष ने पूरी तैयारी कर बारात के स्वागत का परिजन इंतजार कर रहे थे। आधी रात तक जब बारात और दुल्हा नहीं पहुंचा तो लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष से सम्पर्क किया तो सच्चाई सामने आने पर लड़की के परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। लड़के की पहले शादी हो चुकी थी और दूसरी शादी रुकवाने के लिए पहली पत्नी ने कोतवाली में तहरीर दी है। महिला ने स्पष्ट किया कि उसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है और वह अब भी कानूनी रूप से रामकेश की पत्नी है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शनिवार रात रामकेश के घर दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने उसके पिता रमेश चंद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। मामले की जांच जारी है।

शादी रुकने और बारात न आने से आहत लड़की के पिता ने बताया कि ह्लहमने पूरी तैयारी कर ली थी। रिश्तेदार आ चुके थे, खाना तैयार था, बेटी ने शादी का जोड़ा पहन रखा था। हमें नहीं पता था कि लड़के की पहले से शादी हो चुकी है। अगर पता होता, तो हम यह रिश्ता कभी नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़के वालों ने धोखे से यह रिश्ता तय किया और समाज में उनकी बदनामी करा दी है। अब न सिर्फ मेरी बेटी की भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि पूरे गांव में हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही है।

थाना प्रभारी टिकैतनगर रत्नेश पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामला यदि न्यायालय में विचाराधीन है, तो बिना तलाक दूसरी शादी करना कानूनन अपराध है।

# केदारनाथ यात्रा में तैनात पीआरडी जवानों को मिला २० लाख का बीमा और हर सुविधा

एजेंसी

**देहरादून/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान तैनात प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों को इस बार प्रशासन की ओर से विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। हर जवान का 20 लाख रुपये का बीमा भी कराया गया है, ताकि किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि सेक्टर में तैनात सभी जवानों का 20 लाख रुपये का बीमा भी प्रशासन की ओर से कराया गया है।तो वहीं, जिला युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी ने बताया कि पीआरडी के माध्यम से यात्रा मैनेजमेंट में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा अक्सर कम सक्षम होते हैं। उनकी जेब पर कोई अतिरिक्त भार न पड़े इसके लिए प्रशासन की ओर से इन जवानों को निशुल्क हर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि जवानों को लिबर्टी कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैकिंग जूते, मौजे, मफलर, टोपी और रेन कोट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं सोने के लिए नए गद्दे, रजाई और कंबल भी दिए गए हैं। खुराक का विशेष ध्यान रखते हुए, हर 15 दिनों में सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा भेजी गई मांग के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाला राशन भी प्रशासन की ओर से ही दिया जा रहा है।

वहीं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रेस्क्यू के लिए अच्छे स्ट्रेचर, नाइट विजन के लिए एलईडी एवं फोकस लाइट से लेकर उच्च गुणवत्ता वाली रस्सी, स्टिक एवं फर्स्ट एड किट जवानों को उपलब्ध कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि केदारनाथ धाम यात्रा सबसे कठिन धार्मिक यात्रा होने के साथ जनपद के सैकड़ों लोगों के रोजगार और आजीविका का जरिया भी है। प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के माध्यम से यात्रा मार्ग पर हर वर्ष जनपद के 300 युवा यात्रा मैनेजमेंट में 24 घंटे तैनात रहते हैं। मैनेजमेंट में स्थानीय निवासी होने के चलते केदारघाटी और यात्रा मार्ग पर ये हर मोर्चे पर फ्रंट लाइन में खड़े दिखते हैं। म्यूल टास्क फोर्स (घोड़े खच्चरों के संचालन को मॉनिटर एवं सुव्यवस्थित बनाने वाली पीआरडी जवानों की टुकड़ी), यात्रा मैनेजमेंट फोर्स एवं डीडीआरएफ (डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट फोर्स) के अलावा मंदिर समिति, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ ये जवान मुस्तैदी से काम करते हैं। इन सभी विभागों के अलावा पीआरडी जवान पुलिस विभाग के भी मुख्य सहयोगी होते हैं, जरूरत के हिसाब से 120 से लेकर 150 युवा पुलिस विभाग के साथ ड्यूटी करते हैं।

# सीमेंट से लदी लॉरी अनियंत्रित होकर पलटी

एजेंसी



**सिलीगुड़ी।** सीमेंट से लदी एक लॉरी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। घटना शनिवार देर रात सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुलबाड़ी संलग्न जियागंज इलाके में घटी है। इस घटना में चालक और सह चालक बाल-बाल बच गए। दोनों को मामूली चोट लगी है। सूत्रों के अनुसार, सीमेंट से लदा लॉरी सिलीगुड़ी से जलपाईगुड़ी की ओर जा रहा था। तभी अचानक लॉरी अनियंत्रित होकर जियागंज इलाके में सड़क किनारे पलट गई। घटना की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। बाद में किसी तरह लॉरी में फंसे चालक और सह चालक को केबिन से बाहर निकाला। घटना में दोनों को मामूली चोट पहुंची है। घटना की खबर मिलते ही फुलबाड़ी हाईवे ट्रैफिक आउटपोस्ट और एनजेपी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एनजेपी थाने पुलिस की पुलिस घटना की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 84 अभियुक्त गिरफ्तार

एजेंसी



**फिरोजाबाद।** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात के बाद से पांच घंटे अभियान चलाकर 84 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त हैं जो फरार चल रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध शनिवार की रात 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 77 एनबीडब्ल्यू वारंटी, 5 एस आर केस में वाँछित व 2 अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इनमें थाना उत्तर ने 4, थाना दक्षिण ने 6, थाना रसूलपुर ने 7, थाना रामगढ़ ने 1, थाना टूंडला ने 5, थाना पचोखरा ने 6, थाना नारखी ने 1, थाना रजाबली ने 2, थाना सिरसागंज ने 9, थाना नगला खंगर ने 4, थाना नसीरपुर ने 3, थाना शिकोहाबाद ने 10, थाना मक्खनपुर ने 2, थाना खैरगढ़ ने 2, थाना जसराना ने 6, थाना एका ने 1, थाना फरिहा ने 5, थाना लाइनपार ने 3, थाना मटसेना ने 5 व थाना बसई मोहम्मदपुर ने 2 अभियुक्त को पकड़ा है।

इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 84 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मप्र में अगले चार दिन बदला रहेगा मौसम, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में आज भी आंधी-बारिश का अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है तो कहीं भीषण गर्मी का कहर है। मौसम विभाग का कहना है कि नौतपा में इस बार आंधी-बारिश वाला मौसम रहेगा। अगले 4 दिन यानी 28 मई तक प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज रविवार को भी इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत 40 जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। आंधी की रफ्तार 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और एक ट्रफ की वजह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस वजह से आने वाले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बार नौतपा 25 मई से शुरू हुआ है, जो 2 जून तक रहेगा। मई के महीने में पूरे प्रदेश में तेज गर्मी का असर रहता है। वहीं, नौतपा में भीषण गर्मी रहती है। इस बार अब तक आंधी-बारिश वाला मौसम ही रहा है। लगातार 24 दिन से प्रदेश में कहीं न कहीं बारिश हुई या फिर आंधी चली है। नौतपा के शुरूआती दिनों में भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

आज रविवार को इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, शाजापुर, देवास, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर में तेज आंधी चलने के साथ बारिश हो सकती है। नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भी मौसम बदला रहेगा।

इससे पहले प्रदेश में शनिवार को भी मौसम का मिजाज फिर बदला। मंडला में 9 घंटे में 45 मिमी यानी, करीब 2 इंच पानी गिर गया। राजगढ़ में शाम को तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। धार में आधा इंच बारिश हुई, जबकि जबलपुर, उमरिया समेत कई जिलों में बूंदाबांदी का दौर रहा। मौसम का मिजाज बदलने की वजह से कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। नौगांव में सबसे ज्यादा तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। टीकमगढ़ में 40 डिग्री और ग्वालियर में 40.6 डिग्री रहा। बड़े शहरों में भोपाल में 36.2 डिग्री, इंदौर में 34.9 डिग्री, उज्जैन में 39 डिग्री और जबलपुर में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमरिया में सबसे कम 30 डिग्री रहा। मलाजखंड, सिवनी, सीधी, पचमढ़ी, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और मलाजखंड में पारा 33 डिग्री से कम रहा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### अचार की दुकान बंद कर रहे दो भाइयों पर बदमाशों की फायरिंग, एक घायल



**भरतपुर।** खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात अचार की दुकान बंद कर रहे दो भाइयों पर तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस हमले में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। वारदात लूट के इरादे से की गई थी, लेकिन बदमाश कुछ भी लूट नहीं सके और मौके से फरार हो गए। घटना रात में खेड़ली मोड़ के छोंकरवाड़ा चौराहे के पास हुई। पास में एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई है। घायल देव नारायण (21) निवासी छोंकरवाड़ा ने बताया कि वह और उसका बड़ा भाई पवन (23) रोजाना की तरह रात को अपनी अचार-मुरब्बे की दुकान बंद कर रहे थे। पवन ने गल्ले से पैसे निकालकर जेब में रख लिए थे। तभी बाइक पर सवार तीन युवक वहां आए। उनके चेहरे कपड़े से ढंके हुए थे। बाइक रुकते ही सबसे पीछे बैठा युवक उतरा और गोली चला दी। बीच में बैठा युवक भी उतरा और उसने भी फायरिंग की। एक गोली देव नारायण के पैर में लगी। वह हमलावर पर झपटा, जिससे बदमाश पीछे हट गया और देव नारायण वहां से भाग निकला। पवन ने अपनी ओर कुर्सी फेंकी और जान बचाकर वहां से भाग गया। एक हमलावर दुकान में घुसा और गल्ला चेक किया, लेकिन उसमें पैसे नहीं मिले। इसके बाद तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। घायल देव नारायण को परिजन तुरंत आरबीएम अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। देव नारायण का कहना है कि 10 दिन पहले सुभाष और अनिल नाम के युवकों से उनका झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद से उन्हें धमकियां मिल रही थीं, इसलिए शक है कि हमला उन्होंने ही कराया हो। फिलहाल, परिवार ने पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी है। खेड़ली मोड़ थानाधिकारी राम निवास मीणा ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। इन्हीं तीनों पर महुआ (भरतपुर) में भी फायरिंग करने का शक है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से मां-बेटे की मौत, देवर गंभीर घायल

**अजमेर।** जिले के भिनाय-बांदनवाड़ा रोड पर देर रात हुए एक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब एक बजे भिनाय थाना क्षेत्र में पांच दुकानों के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। भिनाय थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। हादसे में महिला मीरा (50), उसका बेटा दीपक (22) की मौत हो गई, जबकि देवर धर्मा घायल है। मृतका के जेठ रामदेव बैरवा की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। उन्होंने बताया कि मीरा की तबीयत बिगड़ने पर उसका बेटा दीपक और देवर धर्मा उसे मोटरसाइकिल से भिनाय अस्पताल लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे भिनाय-बांदनवाड़ा रोड पर पांच दुकानों के पास पहुंचे, पीछे से आए नीले रंग के ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मीरा और दीपक के सिर में गंभीर चोटें आईं और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। धर्मा को भी गहरी चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही गोरधनपुरा निवासी कानसिंह रावत मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस की मदद से धर्मा को अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे अजमेर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दोनों मृतकों के शव भिनाय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए, जहां पोस्टमार्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है। हादसे से इलाके में शोक की लहर है।

### ज्वेलरी शॉप में चोरी मामले में एक गिरफ्तार, आभूषण भी बरामद

**सिलीगुड़ी।** हिलकार्ट रोड स्थित ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े हुए चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पानीटंकी चौकी की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम अभिजीत भौमिक बताया गया है। वह सिलीगुड़ी के हैदरपाड़ा स्थित एक किराये के मकान में रहता है।पानीटंकी चौकी की पुलिस ने आरोपित को विधान मार्केट से गिरफ्तार किया है। आरोपित को सिलीगुड़ी अदालत में पेश कर पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने लाखों रुपए की आभूषण बरामद कर ली है। उल्लेखनीय है कि गत 17 मई हिलकार्ट रोड स्थित एक ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर आए युवक ने बड़े शातिराना अंदाज में सोने की अंगूठियां लेकर फरार हो गए थे। जिसकी पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। आनन-फानन में ज्वेलरी शॉप के मालिक ने सिलीगुड़ी पुलिस को इसकी सूचना दिया था। तब से सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से युवक की तलाश शुरू कर दी थी। 23 मई की शाम विधान मार्केट में युवक घूमते देखा गया। इसी सूचना पर पानीटंकी चौकी की पुलिस ने अभियान चलाकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आज आरोपित युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया और चोरी की सोने की आभूषण बरामद कर ली। पानीटंकी चौकी की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### झीरम में न्याय व जांच से कांग्रेस का कोई सरोकार नहीं, केवल राजनीति करनी है : अजय चंद्राकर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के झीरम घाटी में हुए भयावह नक्सली हमले की आज 12वीं बरसी है। इस घटना में कांग्रेस के 27 नेताओं की मौत हुई थी। 12 साल बीत जाने के बाद भी घटना की जांच पूरी नहीं हो सकी है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्हें झीरम हत्याकांड में न्याय और जांच से मतलब नहीं है। सिर्फ राजनीति करने से मतलब है। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि दुखद घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं। कांग्रेस तो न्याय दे नहीं सकी। नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ उन्हें प्राकृतिक न्याय हो रहा है। भूपेश जब तक राजनीति में हैं झीरम-झीरम कहते रहेंगे। झीरम में न्याय, जांच से भूपेश को मतलब नहीं है। कांग्रेस और भूपेश को इसमें केवल राजनीति करनी है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने छग कांग्रेस में घर वापसी के आवेदनों को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में ऑपरेशन लोनवराटू अभियान चल रहा है, जो अब स्थगित हो गया है। जैसे नक्सलियों के लिए घर वापसी का अभियान चल रहा था। इसी तरह कांग्रेस का अभियान कभी चलता है और बंद हो जाता है।

## सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर एक्शन में दिखे सिमरिया एसडीओ

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति वाहन चालकों को किया जाये जागरूकः सन्नी राज



संवाददाता

**चतराः** जिले के सिमरिया अनुमंडल समीप सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज की अध्यक्षता में कुल परियोजना क्षेत्र में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक 15 मई 2025 को की गई थी। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने परियोजनाओं के पदाधिकारियों को साफ शब्द में निर्देशित करते हुए कहा कि वाहन चालकों की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की सूचना मिलते रहती है। इसपर नियंत्रण लगाने हेतु अभियान मोड में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करें और इसके अलावा परियोजना क्षेत्र में निरंतर ड्रिंक एंड ड्राइव जांच, ओवर स्पीड जांच करें और दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप लगाना सुनिश्चित करें।अनुमंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठक में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के कोल परियोजना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने हेतु परियोजना के अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों द्वारा वाहनों का स्पीड जांच, ड्रिंक एंड ड्राइव जांच और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही दृश्यता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए सड़क के किनारे सुरक्षा नियम बोर्ड, गति सीमा संकेत, रिफ्लेक्टिव टेप समेत अन्य कार्य किए जा रहे है।


# तस्करी के लिए ले जाये जा रहे एक सौ पचास मवेशी जब्त

संवाददाता

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र के घनघोर नक्सल प्रभावित रहे जमटी गांव में तस्करी के लिए ले जाये जा रहे लगभग एक सौ पचास मवेशी को पुलिस ने जब्त कर जमटी पीकेट में रखा है। ऐसा बताया जा रहा है कि लगभग एक दर्जन तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस द्वारा इस संबंध में गोल मटोल जवाब दिया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो सुबह से ही मवेशी तस्कर सेटिंग गेटिंग कर मामले को रफा दफा करने का प्रयास कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि पुलिस इस विषय पर कुछ भी नहीं बताना चाह रही है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नक्सली गतिविधि कम होने के बाद कुछ महीनो से लगातार पशु तस्करों ने बनालात एवं जमटी क्षेत्र को अपना सेफ जॉन बना लिया हैं। यही वजह है कि गारु,सरजू एवं कबरी से होते हुए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मवेशी को लोहरदगा एवं लातेहार जिला की ओर ले जाया जाता है। इसकी जानकारी कई बार ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई परंतु पुलिस द्वारा उन तस्करों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। शुक्रवार की रात ग्रामीण पुनः बिशुनपुर पुलिस को मवेशी तस्करी की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस क्षेत्र के चौपत नदी के समीप पहुंची, जहां पैदल ले जा रहे लगभग एक सौ मवेशी एवं उसके तस्करों को पकड़ा और फिर उन्हें कुछ देर के बाद छोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा देखा गया कि पुलिस तस्कर एवं मवेशी को पड़कर छोड़ दे रही है, तो पीछे से आ रहे दूसरा मवेशी के झुंड को ग्रामीणों द्वारा तस्कर से लड झगड़कर छुड़ाने की प्लानिंग की गयी। गया इधर ग्रामीण का मिजाज को देखते हुए पुलिस ने उस झुंड के सभी मवेशी एवं तस्करों को पड़कर जमटी विकेट ले लायी। घटना के बाद शनिवार की सुबह देखा की मवेशी तस्कर पुलिस से बैठकर बात कर रहे हैं। जिससे उनको यह अंदेशा लगा कि पुलिस मामले की सेटिंग गेटिंग कर तस्कर एवं मवेशी को छोड़ देगी। इस प्रकार बिशुनपुर पुलिस के कार्यशैली को देखकर लोगों का पुलिस के ऊपर से भरोसा उठने लगा है। ग्रामीणों द्वारा पुलिस के संदेहास्पद कार्यशैली को देखते हुए मामले की जानकारी स्थानीय मीडिया कर्मी को दी गई। इस विषय पर पत्रकारों के द्वारा पूछे जाने पर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने भी पत्रकारों को भी गोल मटोल जवाब देते हुए कहा कि मवेशी पकड़ा गया है, परंतु फिलहाल इस विषय पर अभी कुछ नहीं बताया जाएगा। फिलहाल ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जो मवेशी को पकड़ा गया है। उसका पेपर मौजूद है इसकी जांच की जा रही है उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**मवेशी का फोटो खींचने से थाना प्रभारी ने पत्रकारों को रोकाः** नक्सल से प्रभावित जमटी पिकेट में भारी मात्रा में तस्करी के लिए ले जाये जा रहे हैं मवेशी पकड़े जाने की सूचना मिलने के बाद शनिवार की सुबह पत्रकार बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर जमटी पिकेट पहुंचे तो बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने जमटी पिकेट के प्रभारी को फोन कर कहा की किसी भी मीडिया कर्मी को पीकट के अंदर घुसकर मवेशी का फोटो नहीं लेने देना है। जिसके बाद विकेट प्रभारी ने सभी पत्रकारों को पिकेट में घुसने से मना कर दिया।



## सड़क और नाली निर्माण कार्य की मजबूती की ओर नगर परिषद का ध्यान आकृष्ट कराया गया

कमल केसरी

**चक्रधरपुर :** रेल मंडल मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों सड़क और नाली निर्माण कार्य जोरों पर है। इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता और बेहतर कार्य देखते ही बनता है । एक और जहां संवेदक इस निर्माण कार्य का बेहतर तथा गुणवत्ता के आधार पर निर्माण करा कर रेलवे क्षेत्र को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं और अपने कार्यो से सबों का मन भी जीत रहे हैं। वहीं चक्रधरपुर नगर परिषद अधीन निर्माण कराए जाने वाले सड़क और नाली निर्माण कार्य के प्रति कार्यपालक पदाधिकारी की उदासीनता के फल स्वरुप निर्माण कार्य लोगों के लिए उपयोगी और बेहतर तथा कारगर साबित नहीं हो रहा बल्कि यह सरदर्द बनता दिख रहा है। एक ओर जहां रेलवे अपने बेहतर और उत्कृष्ट निर्माण कार्य से पूरे क्षेत्र में लोगों के बीच उदाहरण बनता जा रहा है वहीं चक्रधरपुर नगर परिषद महज निर्माण कार्य करने का दायित्व का निर्वहन कर रहा है और अपने कर्तव्य का इतिश्री मान बैठा है। इस परिस्थिति में नगर परिषद को भी चाहिए कि वह अपना दायित्व का निर्माण बेहतर और सही तरीके से करें जिससे कि सरकारी पैसा का उपयोग हो दुरुपयोग नहीं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया



**गुमला :** गुमला सदर थाना स्थित लाल पंडरिया ग्राम निवासी 21 वर्षीय धर्मेंद्र उरांव (पिता - एतवा उरांव ) शनिवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया , और आनन फानन में उसे परिजनों ने इलाज के लिये उसे अपने गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया , जहां इलाज के क्रम में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया , उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, एस.आई. विनय कुमार महतो ने अपने दलबल के साथ कनेक्ट गुमला सदर अस्पताल में पहुंचकर मृतक धर्मेंद्र उरांव के परिजनों से गहराई से छानबीन और पूछताछ करते हुए , उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं , पुलिस मामले की गहराई से छानबीन और पूछताछ शुरू कर दिया है।

## ऋषिकांत सिंह ने चतरा अनुमंडल के डाक निरीक्षक के रूप में दिया योगदान



**चतराः** ऋषिकांत सिंह ने अनुमंडल डाक निरीक्षक के रूप में अपना योगदान दिया। इस दौरान चतरा मुख्य डाकघर परिसर में आयोजित समारोह में डाक निरीक्षक को उप डाकपाल मनीष कुमार गुप्ता, अमरजीत कुमार, भानु प्रताप सिंह, मोनू कुमार, आलोक कुमार, संतोष कुमार, राजेश दास, रविंद्र कुमार सिंह, संजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य कर्मचारियों ने बारी-बारी से बुके देकर सम्मानित किया।पदभार ग्रहण करने के पश्चात डाक निरीक्षक ने कहा कि जिले के हर एक प्रखंडों में संचालित डाकघर का कार भार सुचारू रूप से चलाने में मदद करूंगा। ग्राहकों का हर कार्य को जल्द से जल्द निपटारा करने का कार्य करूंगा जिससे सुदूर भारती क्षेत्र से आए हुए ग्राहक को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में

## दिव्यांग जनों के बीच निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं उपकरण का वितरण



संवाददाता

**चतराः** स्थानीय मुख्यालय क्षेत्र रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची एवं रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान मे शनिवार को निशुल्क अंग प्रतिरोपण एवं आवश्यक उपकरण का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट एरिया मैनेजर एसपी चौधरी,टेक्नीशियन आर्यन कुमार एवं पीओ अधिकारी एच के साहू तथा जयपुर से कार्यालय सहायक आलोक कुमार एवं मोतीलाल शर्मा मौजूद थे।इस कार्यक्रम में संपूर्ण व्यवस्था का संचालन उपाध्यक्ष विजय खंडेलवाल, सचिव गोविंद खंडेलवाल, कोषाध्यक राजेश खंडेलवाल एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के संपूर्ण सदस्य तथा विद्यालय के आचार्य आचार्या का सराहनीय योगदान रहा ।इस कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन दिनेश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया।उनकी मौजूदगी में चतरा शहर एवं अलग अलग प्रखंडों से आए दिव्यांग जनों को बाइसाइकिल, व्हीलचेयर एवं वैशाखी का वितरण किया गया। दिव्यांग जनों को 10 व्हीलचेयर, 10 को बाइसिकल एवं 8 लोगों को बैसाखी दिया गया। वहीं पर प्रत्यारोपण के लिए 20 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस शिविर के अंतिम दिन में प्रत्यारोपण का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में चतरा से तमाम दिव्यांग जनों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है और अपने आवश्यक उपकरण एवं अंग प्रत्यारोपण के लिए भागीदारी बने हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह ने बताया कि पहली बार हमारे विद्यालय में रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर एवं श्री भगवान महावीर विकलांग समिति रांची के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है जो एक सराहनीय कदम है । अंग प्रत्यारोपण करने के बाद दिव्यागजन किन्हीं पर आश्रित नहीं रहेंगे। वे अपने जरूरत के हिसाब से घूम फिर सकते हैं और छोटा-मोटा अपना व्यवसाय भी कर सकते हैं। यह कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक चला।आज भी यह कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से लेकर 5:00 तक चलेगा। जिन्हें भी इसके माध्यम से जानकारी हो वह अपने अभिभावकों के साथ आकर कार्यक्रम का लाभ ले सकते है।

## टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन



संवाददाता

**चतराः** रेफरल अस्पताल, सिमरिया/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रेफरल अस्पताल,सिमरिया में प्रखण्ड स्तरीय आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के दौरान निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,चतरा डॉ कुमार उत्तम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल सिमरिया डॉ0 बिजनंदन प्रसाद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान उपचारत टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत मरीजों के बीच पोषण टोकरी (पोषाहार) का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा कहा गया कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कर दवा का सेवन करना है। यक्ष्मा मरीजों को समय पर दवा का सेवन करने और सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। निश्चय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिले के टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया जा रहा हैं। विशिष्ट अतिथि के द्वारा कहा गया कि समय पर जांच व नियमित दवा के सेवन से टीबी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। प्रखण्ड स्तर पर उपचारित टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत मरीजों को प्रत्येक महीने पोषण टोकरी (पोषाहार) का वितरण किया जाना हैं। कार्यक्रम में रेफरल अस्पताल,सिमरिया,चतरा से डॉ अफान अहमद,धीरेंद्र कुमार (बीपीएम),महताब अंसारी (बीएएम ),मनोज पांडेय(एस टीएस),संतोष कुमार,प्रभाकर कुमार, सीनी संस्था से अ ो म ा प ा, क ा श शर्मा,मुंतजिर,अमरजीत एवं यक्ष्मा रोगी व परिजन उपस्थित थे।

## मुर्गा पकाने को लेकर हुआ विवाद, युवक ने लकड़ी के चूल्हे में डाला पेट्रोल, झुलसा, एडमिट



**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड स्थित बेलागड़ा नवाटोली निवासी बुधेश्वर उरांव मुर्गा पकाने के लिए लकड़ी के चूल्हे में पेट्रोल डाला और आग धधक उठी और वह 70% जल गया है , बताया जाता हैं कि उसके गांव में बुढ़ी करम का त्योहार था । इस उत्साह में वह शुक्रवार की सुबह मुर्गा बनाने के लिए वह अपने घर के आंगन में लकड़ी का चूल्हा जल रहा था परंतु एक दिन पूर्व हुई बारिश में लकड़ी काफी भींग गया था और उसे चूल्हा जलाने में काफी दिक्कत हो रही थी। तब उसने आव देखा न ताव और अपने पानी पंप मशीन में डालकर बचा हुए पेट्रोल को वह अपने घर के अंदर से लाया और जलते हुए उक्त लकड़ी के चूल्हे में वह पेट्रोल डाल दिया । इस क्रम में कुछ पेट्रोल उसके टीशर्ट पर भी गिर गया। फलस्वरूप एकाएक आग धधक उठा और वह 70% प्रतिशत जल गया। बाद में उसकी पत्नी और परिजनो ने आग बुझाया और आनन-फानन में इलाज के लिये उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं।

## जिला कृषि पदाधिकारी ने किसान उत्पादक संगठन और विभिन्न एनजीओ के साथ की बैठक



**साहिबगंजः** जिला कृषि पदाधिकारी -सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, साहिबगंज प्रमोद एक्का की अध्यक्षता में किसान उत्पादक संगठन और विभिन्न एनजीओ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित किसान उत्पादक संगठनों एवं कृषक हितैषी योजनाओं की समीक्षा व उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश देना था। बैठक में साहिबगंज जिला में कार्यरत विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों के सचिव, एग्री क्लिनिक राजमहल व साहिबगंज, कृषक पाठशाला साहिबगंज, तालझारी एवं बड़हरवा के कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि, तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से बीज विनिमय एवं वितरण योजना, किसानों का ब्लॉकचेन में निबंधन, झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना, मिट्टी नमूना संग्रह कार्यक्रम, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, किसान समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना शामिल हैं।श्री एक्का ने सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को उपरोक्त योजनाओं की जानकारी दें एवं उनका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि किसान इन योजनाओं से जुड़कर कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में लाभ प्राप्त कर सकें।बैठक में मुख्य रूप से जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक,जिला परामर्शी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-सह-बीटीएम अजय कुमार पुरी, आत्मा कंचन कुमार सुमन, अमित कुमार लिपिक, आत्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## बसिया प्रखंड में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन, 40 मामलों का हुआ निष्पादन



**गुमला :** जिले में जनसमस्याओं के ऑन द स्पॉट - त्वरित समाधान एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को बसिया प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुप्रिया भगत एवं अंचल अधिकारी नरेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विभिन्न विभागों एवं अंचल से संबंधित जन शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित मामलों का निराकरण किया गया।

कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। इस दौरान आवास योजना से संबंधित 3 मामला, राशन कार्ड में नाम संशोधन के 1 मामले, पेंशन से संबंधित 02 मामले शामिल थे, वहीं आंचल कार्यालय से पंजी 2 ऑनलाइन से संबंधित 22 मामले, अवैध जमीन पर कब्जा से जुड़े 05 मामले, दाखिल खारिज संबंधित 05 मामले, पंजी 2 का नकल से संबंधित 01 तथा सड़क दुर्घटना अनुग्रह राशि हेतु 01 मामले देखने को मिले। अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से बात की और समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित विभागीय कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अंचल अधिकारी बसिया ने कहा कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई किया जाएगा, एवं नागरिकों की सुविधा के लिए अब बसिया प्रखंड में प्रत्येक सप्ताह शनिवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया ने भी बसिया प्रखंड के नागरिकों से अपील की कि सभी बसिया प्रखंड एवं अंचल क्षेत्र के सभी नागरिक प्रत्येक सप्ताह शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय बसिया में आयोजित होने वाले जन शिकायत निवारण दिवस में अवश्य आएं, सभी नागरिकों के समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में अब सभी प्रखंड में भी जन शिकायत निवारण दिवस का नियमित रूप से आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, ताकि नागरिकों की हर समस्या के लिए मुख्यालय तक की दूरी तय करने की आवश्यकता ना पड़ें।

## संदेहास्पद स्थिति में बंद कमरे से होटल संचालक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित भरनो मिशन चौक के समक्ष संदेहास्पद स्थिति में एक बंद कमरे में मिला ( एक छोटे-से ढाबा (होटल) चलाने वाले ) गुलाईची गढ़ा टोली निवासी गंदुर उरांव होटल संचालक का शव उनके दामाद के घर के बगल स्थित दूसरे हिस्से के कमरे में रहकर एक होटल चलाता था और अकेले रहा करता था, फिलहाल तो लगभग एक सप्ताह से उसका होटल और उसका कमरा बंद था , वह अपने बेटी दामाद के घर के ही दूसरे हिस्से के एक कमरे में रहता था , बताया जाता हैं की गंन्दुर उरांव शराबी प्रवृत्ति का व्यक्त था, और वह लगभग एक सप्ताह से गायब था ,